केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 260 | उज्जैन, शुक्रवार 3 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

एक इच्छा कुछ नहीं बदलती... एक निर्णय कुछ बदलता है... किन्तु एक निश्चय सब कुछ बदल देता है...!

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मिनी बस पलटी दो लोगों की मौत,10 से अधिक घायल



**जम्मू/जीएनएस।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार को एक मिनी बस के पलट जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधल से कांडी जा रही एक यात्री बस आज सुबह फनी त्रान गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान शकील अहमद और बदर हुसैन के रूप में की गई है।

### दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंची इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी



**नई दिल्ली/जीएनएस।** इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर गुरुवार सुबह भापत पहुंची। जियोर्जिया मेलोनी 8वें 'रायसीना डायलॉग' की मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता होंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा, ÷भारत-इटली संबंधों में और गति देना। इटली के प्रधानमंत्री राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंची। विदेश राज्य मंत्री ने एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मेलोनी का स्वागत किया। ÷यह यात्रा हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्षों के साथ मेल खाती है। प्रधानमंत्री मेलोनी रायसीना डायलॉग 2023 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता भी होंगी। पिछले साल अक्टूबर में सत्ता में आई सुश्री मेलोनी के साथ उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजन तथा एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आया है। आखिरी बार इटली के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा अक्टूबर 2018 में हुई थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्टपति भवन के प्रांगण में प्रधानमंत्री मेलोनी का रस्मी स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुश्री मेलोनी द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर सुश्री मेलोनी से मुलाकात करेंगे। दो मार्च की दोपहर में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी।

### गृह मंत्री अमित शाह से मिले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

**चंडीगढ़/जीएनएस।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट की मुलाकात हुई है। मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई है जिनमें पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन और ड्रग तस्करी भी शामिल है। इसको लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के बाद सीमा पर ड्रोन और ड्रग्स के मुद्दे पर चर्चा हुई है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि सीमा पर कांटेदार तार को स्थानांतरित करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। भगवंत मान ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा कि पंजाब की रुकी हुई ग्रामीण विकास निधि को जल्द जारी करने का आग्रह किया है। साथ ही साथ केंद्र पंजाब कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एक साथ काम करेगा।

# 5 मार्च को लान्च होगी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

**राजधानी के जम्बूरी मैदान में जुटेंगी लगभग एक लाख बहनें››इसी माह प्रारंभ हो जाएगा प्रपत्र भरवाने का अभियान››मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की तैयारियों की समीक्षा**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना गरीब बहनों के जीवन में सकरात्मक बदलाव लाएगी। यह अति महत्वपूर्ण योजना है। इसे जमीन पर क्रियान्वित करने के लिए सभी को जुटना है।

भोपाल में रविवार, 5 मार्च को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योजना विधिवत लांच की जाएगी। कार्यक्रम में भोपाल के अलावा निकटवर्ती जिलों की बहनें भी शामिल होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रम में स्वयं एक बहन का प्रपत्र भरवा कर उपस्थित बहनों को योजना की जानकारी प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला-बाल विकास विभाग ने जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत निर्देश भेजे हैं। बहनों के प्रपत्र भरवाने के दौरान बैंक खाते को आधार से लिंक करवाने, आधार एनरोलमेंट और उसके अपडेशन के साथ अन्य तकनीकी आवश्यकताओं की पूर्ति के बारे में भी बताया गया है। प्रपत्र भरवाने वाले अमले को इस कार्य का पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे योजना के लिए पात्र बहनों की समुचित सहायता कर सकें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लांच की तैयारियों संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से महिला-बाल विकास विभाग, समस्त कमिश्नर्स,कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी



जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिका निगम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के प्रपत्र भरवाने के लिए अमले को प्रशिक्षित कर इस कार्य में दक्ष बनाया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहुआयामी और एक मिशन है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की सामान्य वर्ग की गरीब बहनों के साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की बहनों को न्याय देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अब इस योजना से आर्थिक उन्नयन प्राप्त कर परिवार के स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी होंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में इस माह प्रत्येक वार्ड और ग्राम स्तर पर होने वाले शिविरों में बहनें एकत्र होंगी। योजना की तैयारियों में कहीं से कोई गड़बड़ी की शिकायतें न आएँ। प्रशासनिक अमला मिशन मोड में कार्य करें। कोई भी पात्र बहनें छूटे नहीं। फार्म भरने की प्रक्रिया सरल हो। जन-प्रतिनिधि भी सहभागी बनें। प्रपत्र भरवाने के कार्य में पूरी पारदर्शिता हो। उल्लेखनीय है कि योजना से गरीब वर्ग की महिलाएँ प्रतिमाह 1000 रूपए प्राप्त करेंगी। योजना के लिए पात्रता संबंधी जिला स्तर तक पूरा विवरण भेजा गया है। प्रमुख सचिव महिला-बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन दिया। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनावी जीत पर बोले प्रधानमंत्री मोदी, अब नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है और न दिल से दूर है



**नईदिल्ली/जीएनएस।** पीएम मोदी ने कहा कि नार्थ ईस्ट के सभी नागरिकों के सम्मान में आप अपना मोबाइल फोन निकालकर फ्लैश लाइट चालू कर सभी का अभिनंदन करें। पीएम मोदी ने कहा कि ये नार्थ ईस्ट के प्रगति के रास्ते पर जाने का सम्मान है।

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में आज चुनाव के परिणाम सामने आए। त्रिपुरा-नगालैंड में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनना तय है। दोनों ही राज्यों में बहुमत हासिल हो चुका है। मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा है जहां पर किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। वहीं पूर्वोत्तर के राज्यों में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन दिया। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि नार्थ ईस्ट के सभी नागरिकों के सम्मान में आप अपना मोबाइल फोन निकालकर फ्लैश लाइट चालू कर सभी का अभिनंदन करें। पीएम मोदी ने कहा कि ये नार्थ ईस्ट के प्रगति के रास्ते पर जाने का सम्मान है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भाजपा मुख्यालय अनेक ऐसे अवसरों का साक्षी बना है। आज हमारे लिए जनता जर्नादन को विनम्रता से नमन करने का एक और अवसर आया है। मैं त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड की जनता का सिर झुकाकर वंदन करता हूं। उन सब का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तीनों राज्यों के बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी बहुत बधाई देता हूं।

इन राज्यों की जनता ने हमारे साथी सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में भाजपा के लिए कार्य करना कठिन नहीं है लेकिन नॉर्थ ईस्ट में हमारे कार्यकर्ताओं ने दोगुनी मेहनत की है, उनके मेहनत की मैं सराहना करता हूं और धन्यवाद करता हूं।

आज का परिणाम देश-दुनिया के लिए बहुत सारे संदेश है। ये दिखाते हैं कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर कितनी आस्था है। लोकतंत्र की राह पर चलते हुए हर शंका-आशंका का समाधान हो सकता है।

## एनआईए ने भगोड़े आतंकी मुश्ताक जरगर के श्रीनगर स्थित घर और संपत्ति को किया कुर्क

**श्रीनगर/जीएनएस।** राष्टीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान स्थित शीर्ष आतंकवादी कमांडर मुश्ताक जरगर के श्रीनगर स्थित घर को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि अल-उमर-मुजाहिदीन के संस्थापक जरगर का घर और संपत्ति श्रीनगर के नौहट्टा इलाके में कुर्क किया गया।

## प्रधानमंत्री विपक्ष के नेता और सीजेआई की कमेटी करेगी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**





**नई दिल्ली/दैनिक मालवा हेराल्ड। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कोई कानून नहीं बनाए जाने तक देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त ों नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक समिति करेगी।**

न्यायमूर्ति के एम जोसेफ, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत के इस फैसले का तात्पर्य यह है कि अब केंद्र सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला नहीं कर सकेगी।याचिकाकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र तंत्र स्थापित करने संबंधी आदेश देने की की गुहार लगाई थी। न्यायमूर्ति जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग की नियुक्ति की प्रक्रिया में कमी का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को कार्यपालिका के सभी प्रकार के हस्तक्षेप से अलग रहना चाहिए।पीठ ने कहा कि लोकतंत्र को जोड़ना तभी सफल हो सकता है, जब सभी हितधारक लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के लिए चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने के लिए काम करें। पीठ ने कहा कि राज्य के प्रति दायित्व की स्थिति में एक व्यक्ति की स्वतंत्र सोच नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने एनजीओ ङ्क एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, अश्विनी कुमार उपाध्याय, अनूप बरनवाल और डॉ. जया ठाकुर की याचिका पर अपना यह फैसला दिया।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 4 मार्च को रीवा जिले के मऊगंज से करेंगे संबल योजना में अनुग्रह सहायता राशि का अतंरण

**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 4 मार्च को रीवा जिले के मऊगंज से मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना 2.0 और मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 605 करोड़ रूपए की अनुग्रह सहायता का वितरण करेंगे। प्रदेश के 27 हजार 310 श्रमिक परिवार को अनुग्रह सहायता की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। साथ ही अन्य योजना के हितग्राहियों को भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा रीवा के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मऊगंज में विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम गरिमामय हो। प्रदेश के अन्य निकाय भी कार्यक्रम के प्रसारण से जोड़े जाएँ। कलेक्टर रीवा ने बताया कि 704 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी होगा। जन-प्रतिनिधि और नागरिक भी कार्यक्रम के प्रति उत्साहित हैं। स्वतंत्रता के बाद पहली बार जन-कल्याण की दृष्टि से इतना महत्वपूर्ण कार्यक्रम मऊगंज में होने जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# उमरकोट अपने ग्रह गांव के भगोरिया में खुब थिरके सांसद गुमानसिंह डामोर

**डामोर ने भगोरिया एवं होलिकोत्सव की शुभकामनायें दी**

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कृति समाज का दर्पण होती है । झाबुआ जिले में आदिवासी संस्कृति की पहचान भगोरिया पर्व होलिका दहन से 7 दिन पूर्व से होलिका दहन तक इस अंचल में मनाया जाता है।भगोरिया एक उत्सव है जो होली का ही एक रूप है। यह झाबुआ, आलीराजपुर आदि के आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। भगोरिया के समय अंचल के क्षेत्रों के हाट-बाजार मेले का रूप ले लेते हैं और हर तरफ फागुन और प्यार का रंग बिखरा नजर आता है। भगोरिया हाटों के उत्सव की शुरूआत होलीका दहन के सात दिवस पूर्व हो जाती हैं। भगोरिया एक हाट है जहां हम सब मिलते हैं। व्यापार-व्यवसाय के साथ उल्लास मनाते हैं। यह जीवन और प्रेम का उत्सव है जो संगीत, नृत्य और रंगों के साथ मनाया जाता है। उत्सव के अवसर , ऐसी मान्यता है कि भगोरिया की शुरुआत राजा भोज के समय से हुई थी। उस समय दो भील राजाओं कासूमार और बालून ने अपनी राजधानी भगोर में मेले का आयोजन करना शुरू किया। धीरे-धीरे आस-पास के भील राजाओं ने भी इन्हीं का अनुसरण करना शुरू किया, जिससे हाट और मेलों को भगोरिया कहने का चलन बन गया। झाबुआ एवं आलीराजपुर जिले में भगोरिया पर्व प्रसन्नता, एवं उल्लास





का पर्व होने से इसमे अमीर से गरीब तक सभी सहभागी होते है और इन हाट बाजारों में भाई चारे एवं परस्पर सौहार्द्र की भावना बलवती होती है। क्षेत्रीय सांसद गुमानसिह डामोर भी अंचल के सभी भगोरिया मेलों में मांदल, एवं ढोल की थाप पर परम्परागत रूप से सहभागी होकर समाज को स्नेह, एवं भाईचारे का सतत सन्देश दे रहे है। श्री डामोर ढोल-मांदल की थाप पर खुब थिरके जिससे पूरे माहौल में खुशियों की निर्झरणी बहने लगी । इसी कडी में सांसद डामोर ने उमरकोट में आयोजित भगोरिया मेले में पूरी उल्लास की भावना से सहभागी हुए । उमरकोट में आयोजित भगोरिया पर्व में सांसद गुमानसिंह डामोर ने भी लोगों की खुशियों मे सहभागिता करते हुए जहां मांदल, ढोल बजाकर लोगों काा उत्साह वर्धन किया वही परम्परागत धनुष कामठी के साथ भगोरिया में परम्परा एवं संस्कृति का अनुसरण किया। उमरकोट के भगोरिया में जहां हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय ने परम्परागत परिधानों में उल्लास के साथ भाग लिया तो सांसद भी इस ऐतिहासिक क्षण में पीछे नही रहे । उमरकोट भगोरिये में सांसद गुमानसिंह डामोर के साथ प्रदेश प्रभारी हरिनारायण यादव , जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव , जिला आईटी सेल संयोजक अर्पित कटकानी , वरिष्ठ नेता भूपेश सिंगोड मनोज अरोड़ा, पपीश पानेरी, कमल डामोर, भील सेवा संघ के अध्यक्ष अजय डामोर सहित बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता की। सांसद डामोर ने जिलेवासियों को होली एवं भगोरिया पर्व की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामनायें की।

## पेंशनर संघ तहसील शाखा बदनावर की मासिक बैठक आज

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पेंशनर संघ तहसील शाखा बदनावर की मासिक बैठक आज दिनांक 01-03-2023 को मुंबई माता मंदिर में संघ अध्यक्ष श्री महेन्द्रसिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री ओमप्रकाश बुधौलिया को पुनः प्रांत अध्यक्ष बनने तथा श्री भैरुसिंह बारोड को पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया जाने से बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष द्वय को बधाई प्रेषित की गई। बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री सौभाग सिंह डोडिया द्वारा राशि 5000 रुपए माइक सेट क्रय करने हेतु दिए जाने की घोषणा की गई जिसका सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। 6 पेंशनर संघ के सदस्य श्री भगवान जी शर्मा बड़ी चौपाटी बदनावर का विगत दिनों देहांत हो जाने से 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई 8 बैठक में पूर्व अध्यक्ष श्री बालूसिंह पँवार, मनोहर लाल धोडपकर, राजेंद्रसिंह राठौर, मांगूसिंह पँवार, शोभागसिंह डोडिया, अशोक उपाध्याय, श्यामलाल शर्मा, टीकमसिंह पुरोहित, रमेशचंद्र माथुर, मनोहर मेहरूनकर, कन्हैयालाल जालवार, पन्नालाल पाटीदार, रामचंद्र वर्मा, जगदीश सोलंकी, श्यामलाल शर्मा, राधेश्याम परमार, चंद्रशेखर बैरागी, अशोक कुमार सारण, अरुण देव, हेमराज पँवार, कैलाशचंद्र शर्मा, रमेशचंद्र पाटीदार, बाबूलाल धांधल, तेजसिंह पँवार, उमरावसिंह ठाकुर, राजेश्वर त्रिवेदी, आदि सदस्य उपस्थित थे । यह जानकारी संघ के सह सचिव हुकुमसिंह सोलंकी द्वारा दी गई....

खुशियों की दास्तान

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में ऋण लेकर रमेश चंद्र ने प्रारंभ किया फुटवियर व्यवसाय



**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगर मालवा के ग्राम आवर निवासी रमेश चंद्र ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ लेकर अपना फुटवियर व्यवसाय प्रारंभ किया है रमेश चंद्र कहते हैं कि वे पहले फुटपाथ पर जूते चप्पल सिलाई का कार्य करते एवम अपनी आजीविका चलाते थे, वे अक्सर सोचते रहते थे कि मैं अपने काम को कैसे आगे बढ़ाऊ और स्वयं का व्यवसाय स्थापित करूं। रमेश चंद्र कहते हैं कि उनके इस कार्य के लिए मोटी रकम की आवश्यकता थी, जो उनके लिए जुटा पाना असम्भव थी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित की गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में फुटवियर व्यवसाय हेतु अपना आवेदन जमा किया, कुछ ही दिनों में उनका आवेदन स्वीकृत हो गया तथा उन्हें बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 60 हजार रुपए का ऋण उक्त योजना में स्वीकृत किया गया। जिस पर 7त्न प्रतिशत ब्याज अनुदान मिला है। प्राप्त राशि से उन्होंने आगर में अपना फुटवियर का व्यवसाय प्रारंभ किया। वे कहते हैं कि उन्हें अपने व्यवसाय से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है तथा समय-समय पर वे किश्त भी नियमित रूप से जमा कर रहे हैं। रमेश चंद्र ने योजना का लाभ प्राप्त कर रोजगार से जुड़ने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया।

## शांति समिति की बैठक संपन्न, क्षेत्र में अवैध धंधों पर अंकुश लगाने की मांग

**-जन सहयोग के बिना अपराध पर अंकुश लगाना मुश्किल-थाना प्रभारी-**



**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोयत थाने में गुरुवार शाम 5:00 बजे आगामी त्यौहार होली रंगपंचमी सहित अन्य त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में शांति सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने पर चर्चा हुई । इस दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की समस्या से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया। थाना प्रभारी लक्ष्मण देवड़ा ने कहा आप लोगों के सहयोग के बिना अपराध पर अंकुश लगाना मुश्किल है इसलिए सभी लोग पुलिस का सहयोग करें ।बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित जुआ ,सट्टा ,स्मेक, गांजा ,अवैध शराब सहित अन्य अवैध धंधों पर रोक लगाने की मांग उठी। बैठक में डीएसपी रघुनाथ खातरिया, थाना प्रभारी लक्ष्मण देवड़ा नायब तहसीलदार देवेंद्र धनगढ़ ,नगर परिषद उपयंत्री दीपिका खत्री, पटवारी जयेश तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश बैरागी ,जितेंद्र शर्मा ,पार्षद लालचंद कुशवाह, दयाराम कुशवाह, गिरिराज गुप्ता ,मंडल महामंत्री प्रकाश जाटव सहित नगर के पत्रकार जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## ढाबला केलवा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में हुआ जल संरक्षण रैली का आयोजन

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर के समीप शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढाबला केलवा में गुरुवार को जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट मोबिलाइज़र तरुण नामदेव एंव मनोज खेलवाल के द्वारा विद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर यादव तथा नवाचारी शिक्षक सह स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली ग्राम के विभिन्न मार्गो से होकर शाला भवन पंहुची। जंहा पर बालिका समूह के लिए रंगोली प्रतियोगिता और बालक समूह के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धीरज,द्वितीय स्थान कुलदीप ,तृतीय स्थान विकास ने प्राप्त किया। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या ,रवीना द्वितीय स्थान राधा, रचना तथा तृतीय स्थान निशा ,रीना ने प्राप्त किया। समस्त विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर शिक्षक भेरूलाल ओसारा द्वारा पुरुस्कृत किया गया। आभार विद्यालय प्रभारी ब्रजमोहन जांगड़े द्वारा माना गया।

## ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस का निरीक्षण



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 02 फरवरी 2023 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के पत्र क्रमांक 15/14/2022/5391 भोपाल दिनांक 30 सिंतबर 2022 के द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले में कार्यालय कलेक्टर के पास नवीन वेयर हाउस का ताला खोले बिना ईवीएम/वीवीपेट का निरीक्षण भौतिक सत्यापन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल.एन. गर्ग, कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल, बीजेपी हेमेन्द्र राठौर, आम आदमी पार्टी देवा मेडा उपस्थित थे। सभी के द्वारा रजिस्टर में हस्ताक्षर किये।निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सुपरवाइजर प्रकाश सिंगाडिया एवं 1म4 का पुलिस बल सुरक्षा के मद्देनजर निर्धारित प्रोटोकाल अनुसार मौके पर उपस्थित थे। सीसीटीवी कैमरे चालू होकर रेकार्डिग सुविधा उपलब्ध पाई गई तथा अग्निशोधक यंत्र ठीक-ठाक पाये गये। निरीक्षण के दौरान कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

## कलेक्टर द्वारा हाई स्कुल बोंर्ड परीक्षा में आकस्मिक निरीक्षण






**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हाई स्कूल के 12 वी बोर्ड परीक्षा में आज प्रथम दिन कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह आकस्मिक रूप से शा.प्रा. विद्यालय बुनियाद हाई स्कूल एवं उत्कृष्ट हाई स्कूल झाबुआ मे पहुची एवं यहा पर व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ सुनिल कुमार झा, उत्कृष्ट शा. उ. मा. विद्यालय प्राचार्य हरिश कुण्डल, प्राचार्य कन्या शा.उ.मा. श्रीमती सीमा त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि शाला में परीक्षा के दौरान आस-पास के रिक्त कमरों एवं वाशरूम का सघन निरीक्षण करे। श्रीमती सिंह ने सीएम राइज स्कूल जो वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय के समीप निर्माणधीन है, उसका अवलोकन किया एवं इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

## जैविक पद्धति से उगाई गई सब्जियों के व्यवसाय से लाभ कमा रहे किसान ईश्वरसिंह

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के किसान ईश्वरसिंह डोडिया शंकरपुरा मक्सी रोड पर निवास करते हैं। वहां उनका एक जैविक कृषि फार्म है। वे वर्ष 2013 से पूर्ण रूप से जैविक खेती कर रहे हैं तथा सरकार द्वारा पंजीकृत भी हैं। वे फार्म में सब्जियां और फल उगाते हैं। प्रति मंगलवार वे नानाखेड़ा के हाट बाजार में सब्जियों का स्टाल लगाते हैं। ऑर्गेनिक उत्पादों को प्राथमिकता देने वाले कई लोग इनके नियमित ग्राहक बन चुके हैं।

## अजाक्स ने की बैठक, दिया 26 फरवरी भोपाल के संबंध में आय व्यय का ब्यौरा

**बैठक में की चर्चा पखवाड़े में अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर 5 मार्च रविवार को होगी अंबेडकर पार्क में सामुहिक बैठक**

**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर के वार्ड 11 में मैना रोड़ पर स्थित रविदास मांगलिक भवन में 28 फरवरी मंगलवार की शाम 6 बजे अजाक्स की बैठक अजाक्स के संरक्षक राजकुमार जादमे,संतोष जादमे,रमेश भ्यांजा के सानिध्य में आयोजित हुई। जिसमें 26 फरवरी भोपाल कार्यक्रम के संबंध में आय व्यय का ब्यौरा अजाक्स के कोषाध्यक्ष भेरूलाल ओसारा के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

आपको बता दे कि ब्यौरा प्रस्तुत करने के बाद अप्रेल में आने वाली भारतीय संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती मनाने को लेकर उपस्थित जनों द्वारा चर्चा की गई। चर्चा में 14 अप्रैल डॉ.अंबेडकर जयंती के अवसर पर अधिकतर अनुयायी बाबा साहब की जन्मस्थली पर दर्शन करने के लिये इंदौर के पास महू जाते है। इसलिये बैठक में पखवाड़े के रूप में 14 अप्रेल के बाद समस्त बाबा साहब के अनुयायियों द्वारा जयंती मनाने पर सहमति बनी। इस संबंध में विस्तार से रूप रेखा बनाने को लेकर आगामी बैठक सामुहिक रूप से 5 मार्च रविवार को शाम 4 बजे कोर्ट के सामने स्थित अंबेडकर पार्क में रखी जायेगी। बैठक में इस अवसर पर अजाक्स के ओमप्रकाश वर्मा,पीरूलाल जादमे,देवीलाल अटेडिया,अशोक बामनिया,संतोष लोभाना,दिनेश जादमे,जगदीश चंद जांगड़े,सुरेंद्र जांगड़े, पत्रकार एंव सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज बंजारिया व भीम आर्मी के कैलाश बामनिया सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

## दीवाल बनाने की बात पर हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन हुए घायल

**जमकर चले लाठी फरसे कुल्हाड़ी, छः घायल को किया झालावाड़ रेफर**

**सोयतकलां/विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार तड़के बाड़े में दीवार बनाने के विवाद चलते परिवार में ही खूनी संघर्ष हो गया है। विवाद के बाद उपजे हमले में एक महिला सहित चार लोगों पर जानलेवा हमला करने से 6 जने घायल हो गए । सभी गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार? कराने के बाद उन्हें झालावाड़ रेफर किया गया । पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रकरण पंजीबद्ध किया ।

गुरुवार को सुबह सोयत थाना क्षेत्र के ग्राम बराई में बाड़े में दीवाल बनाने की बात पर परिवारजनों के बीच आपसी विवाद हो गया। जिसमें देवीलाल दांगी, मुकेश दांगी,बालचंद्र दांगी ,घनश्याम दांगी,प्रभुलाल दागी ने राधेश्याम दांगी, पूरीलाल दांगी ,हीरालाल दांगी,बापुलाल दांगी, प्रेम बाई, सीताराम दांगी के ऊपर लाठी-फरसा तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिससे सभी घायल हो गए । घायलों को परिजन नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 108 की मदद से झालावाड़ रेफर किया। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची तथा घायलों के बयान दर्ज कीए तथा एक पक्ष के पांच वह दूसरे पक्ष के दो लोगों पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया । बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्षों में बुधवार को भी विवाद हुआ था जिस पर पुलिस ने प्रकरण कर मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके परिणाम स्वरूप आज यह घटना घटित हुई है।

## कलेक्टर ने जिले के भीतर 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन जिले के भीतर तीन स्थानीय अवकाश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने घोषित किये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर ने वर्ष 2023 के लिये जिले की तहसीलों में पर्वों पर स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। बड़नगर तहसील में भादवा के प्रथम सोमवार सवारी के दूसरे दिन मंगलवार 5 सितम्बर, उज्जैन तहसील में महाकालेश्वर की शाही सवारी होने के कारण सोमवार 11 सितम्बर, महिदपुर तहसील में धुर्जेश्वर महादेव की शाही सवारी होने से सोमवार 11 सितम्बर, तराना तहसील में श्री तिलभांडेश्वर महादेव की शाही सवारी होने के कारण सोमवार 11 सितम्बर को स्थानीय अवकाश रहेगा।

## जल संरक्षण रैली का आयोजन




**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढाबला केलवा में जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट मोबिलाइज़र तरुण नामदेव एवं मनोज खेलवाल के द्वारा विद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर यादव तथा नवाचारी शिक्षक सह स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली ग्राम के विभिन्न मार्गो से होकर शाला भवन पहुंची, जहाँ पर बालिका समूह के लिए रंगोली प्रतियोगिता और बालक समूह के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धीरज,द्वितीय स्थान कुलदीप ,तृतीय स्थान विकास ने प्राप्त किया इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या ,रवीना द्वितीय स्थान राधा, रचना तथा तृतीय स्थान निशा ,रीना ने प्राप्त किया समस्त विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर शिक्षक भेरूलाल ओसारा द्वारा पुरुस्कृत किया गया आभार प्रभारी ब्रजमोहन जांगड़े द्वारा माना गया।

## उदयगढ़ के भगोरिया उत्सव में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ

**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ का 3 मार्च को पीथमपुर में आगमन होगा। इंदौर संभागीय कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ औद्योगिक क्षेत्र की नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करवाएंगे कमलनाथ प्रातः 8:30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 9:00 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर आगमन होगा तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से पीथमपुर के लिए रवाना होंगे 9:10 पर पीथमपुरआगमन होगा जहां से सीधे नगर पालिका परिषद सभागृह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों से रूबरू होकर उन्हें शपथ ग्रहण करवाएंगे तत्पश्चात प्रातः 10:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे प्रातः 10:20 पर औद्योगिक नगरी क्षेत्र के व्यापारी नगर के वरिष्ठ नागरिकों प्रबुद्ध जीवियो से विचार विमर्श चर्चा करेंगे वही 10:30 बजे धार जिले के पीथमपुर से आदिवासी बहुल जिले अलीराजपुर के उदयगढ़ में भगोरिया पर्व में भाग लेने के लिए हेलीपैड पर प्रस्थान प्रातः 11:20 पर अलीराजपुर जिले के उदयगढ़ भगोरिया स्थल पर आगमन 11:30 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस पत्रकार वार्ता तत्पश्चात मंच पर पहुंचकर जिले के आदिवासी ग्रामीणों किसानों को भगोरिया पर्व की शुभकामनाएं देने के पश्चात भगोरिया पर्व पर आदिवासी नर्तक दलो के ढोल मांदलो कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 12:30 हेलीपैड के लिए रवाना होंगे हेलीकॉप्टर से इंदौर प्रस्थान कर नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## यूपी पुलिस में एसआई के पद पर दांगी का हुआ चयन, समाजजनों ने किया सम्मान



**सोयत कला/ विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सोयत क्षेत्र के कवराखेड़ी निवासी रामगोपाल पिता बालचंद दांगी का एसआई के पद पर चयन हुआ । चयनित युवा का ग्राम कवराखेड़ी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान कर बधाइयां दी। इस दौरान दांगी समाज जिला अध्यक्ष प्रदीप दागी ,सरपंच जगदीश दांगी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## एस बी एफ स्वयं सेवकों का स्वागत





**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के तत्वाधान में आइडिया कैंपस नागपुर में आपदा प्रबंधन का 6 दिवसीय राष्टिय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 12 राज्य के 60 वालिंटियर्स ने हिस्सा लिया

जिसमें नगर के 3 युवाओं ने उक्त शिविर में भाग लेकर फस्ट एड, CPR, सर्पदंश, तैराकी और पानी में डूबते को बचाना प्राकृतिक आपदा बाढ़ ,भूकंप, आगजनी आदि में बचाव व राहत का काम कैसे किया जाए आदि कार्य का प्रशिक्षण लिया गया।

शिविर से मानव सेवा का संकल्प लेकर लौटे एस बी एफ के कार्यकर्ता शरीफ उद्दीन कुरेशी ,मोहम्मद जाकिर, सालीम मुल्तानी का नगर में स्वागत किया गया इस अवसर पर वकील कुरेशी, इब्राहिम पाकीजा, एडवोकेट जाकिर हुसैन, मौलाना अकरम नदवी, अब्दुल हसीब मुल्तानी, हाजी मुबारीक खान हाजी मुनव्वर खान इंसाफ अली शब्बीर खान आदि उपस्थित थे वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय के समीप निर्माणधीन है, उसका अवलोकन किया एवं इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

## जैविक खेती को अपनाकर आत्मनिर्भर बने बामोरा के किसान राजाराम

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बड़नगर रोड पर आने वाले ग्राम बामोरा निवासी किसान राजाराम गोयल ने कुछ समय पहले जैविक पद्धति से खेती करना प्रारम्भ की। उनके द्वारा पूर्ण रूप से गोबर, गोमूत्र से बनी खाद से पोषित सब्जियां, फल और अनाज उगाये जा रहे हैं। जैविक उत्पादों के विक्रय में आमजन से उन्हें काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने इसके अतिरिक्त हाथघट्टी (कोल्ड प्रेस्ड पद्धति) से बनी दालों और कच्ची घानी के तेल, कूटे हुए मसाले, दूध और अन्य दुग्ध उत्पाद आदि का व्यवसाय प्रारम्भ किया है।

# वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग करने वाला गिरोह सीतामऊ थाना पुलिस ने पकड़ा

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेक्स रेकेट एक्सटॉर्शन के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा विभिन्न तकनीकों का उपयोग कर जाल में फंसा कर ठगी करने वालों को सीतामऊ थाना पुलिस की टीम ने दबोच लिया है। आरोपी सायबर ठगी कर करोड़ों रुपए ऐंठने थे।

मामले की तफ्तीश में सीतामऊ पुलिस टीम के सहयोग से कुछ व्यक्तियों को चिन्हित किया गया तथा उनकी गतिविधियों पर सतत रूप से निगाह रखी गई। इस दौरान फरियादी दशरथ पिता राधेश्याम बांधी निवासी महोबा ने इस तथ्य की जानकारी उपलब्ध कराई की उसके स्वयं के आधार कार्ड, पैन कार्ड पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाते को खुलवा कर उक्त बैंक खाते में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन करवाया जा रहा है। मामले में आरोपी लाला सद्दाम, हरीश मालवीय एवं नरसिंह मालवीय द्वारा भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाये जा रहे थे एवं उन खातों में लाखों करोडों का ट्रांजेक्शन करवाया जा रहा




था। प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि भरतपुर निवासी द्वारा कुछ चिन्हित आरोपियों से आम नागरिकों को लालच देकर उनसे अकाउंट खुलवाया जा रहा था, जिसमें वहां बैठे हुए ठग के द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष समेत अन्य देशो में भी न्यूड वीडियों कॉल (सेक्सटॉर्शन) के माध्यम से ब्लेकमेलिंग कर साइबर ठगी की जाती है। आरोपियों द्वारा मंदसौर जिले के नागरिकों से फर्जी रूप से प्राप्त किए गए कुल 28 अकाउंट में विगत डेढ माह में 1.45 करोड़ रुपए से अधिक राशि आहरित की गई है जो कि न केवल संपूर्ण भारतवर्ष के नागरिकों को ब्लैकमेल, न्यूड वीडियों कॉल (सेक्सटॉर्शन) या अन्य किसी साइबर फ्रॉड के माध्यम से प्राप्त की गई है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी धोखे से सेक्सटॉर्शन के माध्यम से ब्लेकमेलिंग कर उक्त राशि को उन खातों में जमा करवाया जाकर भरतपुर राजस्थान से आहरित किया जा रहा था।

### ये हैं गिरफ्तार और फरार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में लाला शाह उर्फसद्दाम पिता सत्तार शाह मुसलमान उम्र 28 साल निवासी पानपुर थाना नाहरगढ़ जिला मन्दसौर, हरिश पिता कुशाल मालवीय उम्र 30 साल निवासी महुआ थाना, सीतामऊ जिला मन्दसौर, नरसिंह पिता गणेशराम मालवीय उम्र 24 साल निवासी महुआ थाना, सीतामऊ जिला मन्दसौर शामिल है। इसके अलावा फरार आरोपियों में जीवन पिता सुरेश पाटीदार निवासी सुंठी थाना नाहरगढ़, राहील मुसलमान निवासी भरतपुर राजस्थान शामिल है जिनकी तलाश की जा रही है।

## 12 वीं की परीक्षा से पहले तनाव में आई छात्रा ने जहर खा लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2 मार्च से शुरु हो रही 12 की परीक्षा से पहले तनाव में आई छात्रा ने जहर खा लिया था। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां रात में उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।

अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार मकाडोन के ग्राम कडोदिया से बुधवार शाम साक्षी पिता नटवरलाल (17) को परिजन गंभीर हालत में उपचार के लिये लेकर आए थे। कुछ घंटे बाद साक्षी की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों का कहना था कि साक्षी कक्षा 12 वीं की छात्रा थी। गुरुवार को उससे परीक्षा का पहला पेपर देने जाना था, लेकिन वह पढ़ाई को लेकर काफी तनाव में आई गई थी। जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो बेसुध हालत में मिली थी। अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग डायरी माकडोन पुलिस को सौंपने की बात कहीं।

## पशुपतिनाथजी मंदिर की खुली दानपेटी, 17 लाख का चढ़ावा प्राप्त



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशुपतिनाथजी मंदिर की सभी दानपेटियों गुरूवार को खोली गई। सुबह से शाम तक दानराशि की गणना में चढ़ौत्री के रूप में 17 लाख 32 हजार 500 रूपए प्राप्त हुए। बाकी राशि की गणना आज शुक्रवार को की जाएगी। जिसमें चिल्लर भी शामिल हैं।

## कुलपति द्वारा डॉ. खिमेसरा की पुस्तक का विमोचन



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति अखिलेश पाण्डेय ने डॉ. आशीष खिमेसरा की पुस्तक हृदय रोग प्रबंधन का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र किशोर मिश्रा विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, डॉ. एसएन चतुर्वेदी, काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. गुणमाला खिमेसरा, राजभाषा समिति सदस्य भारत सरकार गृह मंत्रालय, डॉ. ज्ञानचंद खिमेसरा, पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मंदसौर एवं मिश्रा मौजूद रहे। डॉ. आशीष खिमेसरा ने बताया कि हृदय रोग प्रबंधन के लिए भारतीय आयुर्वेद में सुरक्षित उपचार है। इस अवसर पर कुलपति पाण्डेय ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# निरीक्षक नरेन्द्र यादव के पिपलिया थाना क्षेत्र में 32 क्विंटल डोडा चूरा की खेप सीबीएन की टीम ने पकड़ी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मंदसौर शाखा के अधिकारियों ने बिती रात्रि में पिपलिया थाना क्षेत्र के बही टोल नाका के नजदीक से एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक में 32 क्विंटल 13 किलो डोडा चूरा की खेप मिली हैं। छिलके की तस्करी निरीक्षक नरेन्द्र यादव के पिपलिया थाना क्षेत्र में की जा रही थी। इस कारण जुगलबंदी की चर्चा जोरों पर है, जिसका जिम्मेदार कौन है, अंदाजा लगाया जा सकता है। उधर, पिपलिया थाने में वाइटनर का उपयोग की चर्चा भी चल पड़ी है।

जानकारी के अनुसार नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), मंदसौर के अधिकारियों ने बही टोल नाका, नीमच-मंदसौर राजमार्ग, मंदसौर (म.प्र.) में एक ट्रक को रोका और 161 प्लास्टिक की बोरियां बरामद कीं। 32 क्विंटल 13 किलो 600 किलोग्राम डोडा चूरा का वजन रहा। खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि राजस्थान के रजिस्ट्रेशन नंबर वाला एक ट्रक मंदसौर से पोस्ता भूसा लेकर राजस्थान जा रहा है। सीबीएन मंदसौर के अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया। 28 फरवरी की देर रात को रवाना किया गया और संदिग्ध मार्ग पर निगरानी बढ़ा दी गई। बाद में, ट्रक को सीबीएन की टीमों द्वारा बही टोल नाका, नीमच-मंदसौर राजमार्ग, मंदसौर (मध्य प्रदेश) में रोका गया। ट्रक में पोस्ता पुआल को छुपाने के लिए कवर कार्गो के रूप में नमकीन के 62 कार्टन ले जा रहा था। क्योंकि सुरक्षा कारणों से हाईवे पर ट्रक की तलाशी लेना संभव नहीं था, इसे मंदसौर स्थित सीबीएन कार्यालय लाया गया। वाहन की अच्छी तरह से तलाशी ली गई और 3213.600 किलोग्राम वजन वाले पोस्ता भूसे के 161 (100 सफेद रंग और 61 काले रंग के) प्लास्टिक के बोरे बरामद किए गए। बरामद पोस्ता पुआल और कवर कार्गो के साथ वाहन को जब्त कर लिया गया है और दो व्यक्तियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/15 के तहत गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच चल रही है।

## कौशल एवं तकनीकी विकास योजना अन्तर्गत उपकरण दिये जाने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिये कौशल एवं तकनीकी विकास योजना अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में जिले की अनुसूचित जाति समिति/समूह/उद्यमी/अशासकीय संस्था एवं शासकीय संस्थाओं को लगने वाले उपकरण दिये जाने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित हैं। उपकरण की 90 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा आवेदक संस्था/हितग्राही/समूह द्वारा 10 प्रतिशत राशि जमा करने पर ही स्वीकृत की जायेगी। हस्तशिल्प क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार उपकरण क्रय हेतु न्यूनतम प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य के आधार पर सहायता स्वीकृत की जायेगी।

जिला हाथकरघा विभाग के सहायक संचालक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि क्रियान्वयन एजेन्सी को उसके उद्देश्यों एवं गतिविधियों के अन्तर्गत सहायता की पात्रता रहेगी। आवेदक संस्था/समूह विगत तीन वर्षों से हाथकरघा हस्तशिल्प के माध्यम से स्वयं के व्यापार व्यवसाय में संलग्न हो। उक्तानुसार उपकरण प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित जिला हाथकरघा कार्यालय दमदमा स्थित पंचायत परिसर में 7 मार्च को शाम 5.30 बजे तक प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। प्रस्ताव का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। प्रस्ताव पारित सम्बन्धी प्रक्रिया जिला पंचायत सीईओ द्वारा पूर्ण की जायेगी।

## धुलेण्डी और रंगपंचमी पर रहेगा शुष्क दिवस, शाम 4 बजे खुलेगी दुकानें

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) में प्रदत्त शक्तियों के तहत मंदसौर जिले में धुलेण्डी पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 8 मार्च को धुलेण्डी पर्व के अवसर पर मंदसौर जिले की समस?त कम?पोजिट मदिरा दुकानें, शॉपबार, गोदाम, मद्य भण?डारगार एवं एफएल-2 एवं एल.एल-3 बार, एफ एल-2 (क) (क), एम?बी वाईन शॉप सायं 4 बजे तक बंद रहेगी। उक्त अवधि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार 12 मार्च रंगपंचमी के दिन भी शुष्क दिवस रहेगा, दुकानें शाम 4 बजे खुलेंगी।

## टॉप-10 फरार आरोपियों की सूची में शामिल दो ईनामी आरोपी पकड़ाए

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यशोधर्मन नगर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते थाना हाजा के प्रकरण में फरार 5000-5000 रूपए के दो ईनामी आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। घटना के अनुसार 8 दिसम्बर 2022 को जमीनी विवाद को लेकर फरियादी भुरा खां मेवाती नि.. गल्याखेडी की रिपोर्ट पर दर्ज प्रकरण में धारा 307, 325 भादवि का ईजाफा किया तथा 106 आरोपीयो को 25 दिसम्बर 2022 को गिरफ्रातर किया जाकर शेष दो आरोपीयो की गिरफ्तारी हेतु अथक प्रयास किये गये तथा आरोपीयो के मिलने के संभावित स्थान पर दबिश दी थी। बाद में गठित टीम द्वारा दोनों को गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम दिलशाद बी पति इरफान खां मेवाती उम्र 39 साल नि. ग्राम अचेरी एवं बरकत बी पति बाबु खां मेवाती उम्र 67 साल नि. ग्राम अचेरी शामिल है।

## दो हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया सहायक संपत्तिकर अधिकारी

### झोन क्रमांक 5 पहुंची थी लोकायुक्त, रिटायर्डमेंट में था 2 माह का समय

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोकायुक्त ने गुरुवार शाम नगर निगम के ऐसे सहायक संपत्तिकर अधिकारी को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। जिसका 2 माह बाद रिटायर्डमेंट होना था और उसने अपने कार्यालय के बाहर दलालों से बचने की त ती लगा रखी थी।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को एडवोकेट आसिफ हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नगर निगम झोन क्रमांक 5 में उन्होने सूचना के अधिकारी का आवेदन देकर नामांतरण की प्रतिलिपि मांगी थी, जिसके एवज में झोन के सहायक संपत्ति अधिकारी रमेशचंद्र रघुवंशी द्वारा दो हजार की रिश्वत मांगी जा रही है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम को मामले की तस्दीक के लिये कहा। जिसमें सामने आया कि सहायक संपत्ति अधिकारी रिश्वत की मांग कर रहा है। गुरुवार शाम को लोकायुक्त की टीम झोन क्रमांक 5 पहुंची और फरियादी को रिश्वत की राशि लेकर अधिकारी के कार्यालय भेजा गया। अधिकारी द्वार रिश्वत की राशि लेते ही लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया और मौके पर ही भष्ट्राचार अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

### 2 माह से लगावा रहा था चक्कर

लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने बताया कि फरियादी ने नामांतरण की प्रतिलिपि के लिये 2 माह से झोन कार्यालय के चक्कर लगाने के साथ रिश्वत मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। सहायक संपत्तिकर अधिकारी को रंगेहाथ पकड़ने पर सामने आया कि उसका रिटायर्डमेंट 30 अप्रैल को होने वाला था, उसने अपने कार्यालय के बाहर सूचना चस्पा कर रखी थी कि दलालों से सावधान। बावजूद वह सीधे रिश्वत मांग रहा था।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवासरोड पर बीती रात हुई 2 सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। 2 गंभीर घायल हुए है। मृतक देवास का रहने वाला था और घायल उत्तरप्रदेश के निवासी है। नरवर थाना पुलिस ने बताया कि बुधवार रात 10 बजे वेयर हाऊस के सामने बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा जाता उससे पहले ही मृतक का मोबाइल बजने लगा। एम्बुलेंस चालक ने कॉल रिसिव किया तो आवाज आई पापा कब आ रहे हो। चालक ने परिजनों से चर्चा कर घटना की जानकारी दी। परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो सामने आया कि मृतक जावेद पिता इस्माईल शेख (38) निवासी देवास है। जावेद ड्रायवरी करता था और दोस्त से मिलने नागझिरी आया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

**देर रात डिवाइडर से टकराई बाइक**-देवासरोड पर ही नरवर थाने से कुछ दूरी पर रात 1 बजे के लगभग तेजगति से आती बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक पर 2 युवक सवार थे। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। एक गंभीर घायल हुआ था। दूसरे को कम चोंट लगी थी। जिनसे पूछताछ में बताया कि उसका नाम राहुल है, गंभीर घायल अनिलसिंह है। दोनों उत्तरप्रदेश के राजपुरा में रहते है और गुजरात से बाइक पर सवार होकर उत्तरप्रदेश जा रहे थे। दोनों गुजरात में मजदूरी करते है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ मारपीट करने वालों का निकाला जुलूस

### - देर रात हुई थी 2 की गिर तारी, तीसरे की तलाश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। शासकीय विधि कॉलेज के अस्टिंट प्रोफेसर के साथ मारपीट करने वाले नकाबपोश बदमाशों की पहचान होने के बाद पुलिस ने देर रात दोनों को गिर तार कर लिया। गुरुवार सुबह दोनों को विधि कॉलेज आस-पास अपराध की तस्दीक कराते हुए जुलूस निकाला गया। दोनों को कॉलेज के छात्र ने बुलाय था, जिसकी तलाश जारी है।**

मंगलवार शाम शासकीय विधि कॉलेज के अस्टिंट प्रोफेसर ईश्वर नारायण पिता विष्णुकांत शर्मा के साथ कॉलेज के बाहर ही दो नकाबपोश बदमाशों ने मारपीट कर दी थी। कॉलेज स्टॉफ ने बीच बचाव किया था, प्रोफेसर की शिकायत पर नागझिरी पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु की थी। बुधवार को दोनों बदमाशों की पहचान कर ली गई है। एक सुदर्शननगर का रहने वाला राहुल पिता भारतसिंह सोलंकी और दूसरा सौरभ पिता सुधीर नागर ऋषिनगर होना सामने आए है। जिनकी देर रात गिर तारी कर ली गई। गुरुवार सुबह दोनों को घटना की तस्दीक के लिए पैदल जुलूस के रूप में विधि कॉलेज तक ले जाया गया। टीआई विक्रम इवने ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ में सामने आया कि वह अपने साथी छात्र दर्शन ठाकुर को नकल कराने के लिये पहुंचे थे, जहां प्रोफेसर ने उन्हे बाहर निकाल दिया था। दर्शन ने उन्हे शाम को वापस बुलाया और प्रोफेसर के साथ मारपीट की गई। टीआई के अनुसार पूछताछ में तीसरे आरोपित का नाम सामने आने पर उसकी तलाश की जा रही है। दर्शन ठाकुर ऋषिनगर का रहने वाला है, जो फरार चल रहा है। हिरासत में आए दोनों आरोपित राहुल और सौरभ प्रायवेट फायनेंस क पनी में काम करते है। जिन्हे न्यायालय में पेश किया गया है।

## दो दुर्घटनाएं, 1. ट्रक से टकराकर पलटी लहसुन भरी ट्राली, 2. फर्नीचर की दुकान में घुसा ट्रक, कोई हताहत नही

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात्रि थाना क्षेत्र में दुर्घटना हुई, गनीमत रही, दोनों दुर्घटना में कोई हताहत नही हुआ। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात्रि पिपलिया कृषि मंडी गेट 2 पर टेऊक्टर-ट्राली से लहसुन लेकर आए जालीनेर (नीमच) के किसान देवीलाल पिता बगदीराम राठौर मंडी में जल्दी प्रवेश के चलते टेऊक्टर को तेजी से लेकर अन्दर घुसा, इसी दौरान लहसुन भरी ट्राली, सड़क पर खड़े ट्रक से टकराकर पलट गई, जिससे सारी लहसुन सड़क पर बिखर गई। इसमें ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी घटना फोरलेन पर बही टोल के निकट हुई। जिसमें एक ट्रक लाला सोनी की फर्नीचर की दुकान में घुस गया। जिससे दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कोई हताहत नही हुआ।

## पास के ढ़ेर से लहसुन मिलाकर की चोरी! बाद में किसान ने कार्रवाई से किया इंकार

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।**लहसुन के ढ़ेर में लहसुन मिलाकर चोरी करने के मामले में किसान ने दो किसानों को पकड़ लिया। बाद में इन्हें मंडी प्रशासन के सुपुर्द किया। हालांकि किसान द्वारा लिखित में शिकायत नही की जाने पर कोई कार्रवाई नही की हुई। जानकारी के अनुसार जालीनेर (नीमच) निवासी देवीलाल पिता बगदीराम राठौर ने कृषि उपज मंडी में नीलामी के लिए ढ़ेर लगाया था। इस दौरान पास में लहसुन का ढ़ेर लगाने वाले बोतलगंज के दो किसानों ने देवीलाल की 40 से 50 किलो लहसुन अपने ढ़ेर में मिला ली। देवीलाल ने मंडी प्रशासन को सूचित किया, मंडी प्रशासन की सूचना पर एएसआई एमएल वर्मा भी मंडी पहुंचे व तस्दीक की, किसान को उसकी लहसुन वापस दे देने के बाद किसान देवीलाल ने मामले में कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। मंडी सचिव भारतसिंह बोराना ने बताया ढ़ेर में लहसुन मिलाकर चोरी करने की शिकायत आई थी, लेकिन बाद में किसान ने लिखित दे दिया कि वह कोई कार्रवाई नही चाहता है।

## बजट में युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

### उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि बजट में युवाओं को सशक्त और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यह बजट सर्वहितैषी, सर्वस्पर्शी है। जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है। बजट अंत्योदय के दर्शन पर आधारित और प्रदेश के विकास को नयी गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि युवाओं को शासकीय सेवा में एक लाख से अधिक पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना में किए गए 1000 करोड़ रूपये के प्रावधान से शिक्षा को उद्योगों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस योजना में चयनित प्रत्येक युवा पर राज्य सरकार एक लाख रूपये खर्च करेगी। उज्जैन में बने श्रीमहाकाल महालोक के परिसर के विकास से पर्यटन और रोजगार को नए आयाम मिलेंगे। मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस वर्ष बजट में महाविद्यालयों में भवन निर्माण के लिए विभिन्न मदों में 687 करोड़, कला-विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय के लिए 2381 करोड़ और उच्च शिक्षा में सुधार के लिये 385 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

## विधायक श्री गुर्जर ने 102 व्यक्तियों को 9 लाख 50 हजार 500 रु. की आर्थिक मदद की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप गुर्जर न स्वेच्छानुदान मद से अपने क्षेत्र के 102 व्यक्तियों को नौ लाख 50 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे ने इस सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश के तहत 87 व्यक्तियों को 10 हजार रुपये के मान से आठ लाख 70 हजार रुपये, नौ व्यक्तियों को पांच हजार रुपये के मान से 45 हजार रुपये, चार व्यक्तियों को 7500 रुपये के मान से 30 हजार एवं एक व्यक्ति को तीन हजार तथा एक व्यक्ति को ढाई हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।


**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
**(जाहिर सूचना)**

प्राधिकरण की **त्रिवेणी विहार** आवासीय योजना के आवंटित भूखण्ड/**क्रमांक बी-38/25 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **त्रिवेणी विहार** आवासीय योजना में भूखण्ड **क्रमांक बी-38/25 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री दुर्गाशंकर बैरागी पिता श्री मदनदास बैरागी निवासी - 113/1, बेगमपुरा उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन



**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
**(जाहिर सूचना)**

प्राधिकरण की **त्रिवेणी विहार** आवासीय योजना के आवंटित भूखण्ड/**क्रमांक बी-13/9 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **त्रिवेणी विहार** आवासीय योजना में भूखण्ड **क्रमांक बी-13/9 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री विनय बैरागी पिता श्री मदनदास बैरागी निवासी 113/1, बेगमपुरा, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन



**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क- 0734-2511048, फैक्स - 0734-2511047
**// जाहिर सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की **जवाहर नगर योजना** में भूखण्ड/भवन **क्रंमाक- 6/11जी श्रेणी एलआईजी श्रीमती अर्चनासिंह पति श्री संजय कुमार सिंह एवं श्री संजय कुमार सिंह पिता श्री रामानंद सिंह** के नाम पर दर्ज है।

**श्रीमती अर्चना सिंह** की मृत्यु दिनांक 04.08.2015 को हो गई है। अतः इनके वारिसान पति **श्री संजय कुमार सिंह पिता श्री रामानंदसिंहजी एवं पुत्री श्रीमती रंजना सिंह पिता संजय कुमार सिंह निवासीगण - 6/11, जवाहर नगर, उज्जैन (म.प्र.)** के द्वारा आवेदन **दिनांक 03.01.2023** को प्रस्तुत कर उपरोक्त भूखण्ड/भवन संयुक्त के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्त नाम पर नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी ।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन



**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क- 0734-2511048, फैक्स - 0734-2511047
**// जाहिर सूचना //**

प्राधिकरण की योजना **ऋषिनगर** योजना के अंतर्गत आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन क्रं. **सी-1/11 श्रेणी एल.आई.जी.** को लीजहोल्ड से भू स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में परिवर्तन करने के संबंध में।

सर्व साधारण को द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्रीमती आशारिसबुड पति श्री मालचंद्र जी निवासी - सी-1/11 एल.आई.जी. ऋषिनगर उज्जैन** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 22/2/23 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुतं कर उक्त सम्पति को लीजहोल्ड से भू स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पति भू स्वामी अधिकार (फीहोल्ड) कर दी जावेगी ।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## सम्पादकीय

# किसान की आय दो रुपए!

**किसान की आय 2 रुपए ही नहीं है। यह प्रतीकात्मक आंकड़ा है कि किसानी कितनी सस्ती है या कृषि की मंडी कितनी क्रूर है! हम और भारत सरकार बखूबी जानते हैं कि किसानी के बाज़ार में बिचौलियों का कितना दबदबा है! केंद्रीय खाद्य मंत्री रहते हुए रामविलास पासवान ने इस आशय का बयान देकर सरकार को चौंका दिया था। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में प्याज की फसल बेचने गया था किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण। फसल 512 किलोग्राम थी। प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपएज्! क्या नंगी नहाए, क्या निचोड़े! यह यथार्थ तब का है, जब किसान की आय दोगुनी करने का सरकारी वायदा एक साल पहले गुजर् चुका है। आमदनी तो बढ़ी नहीं, किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं है। मुनाफा तो सपनों की बात है। किसान राजेन्द्र चव्हाण ने 512 किग्रा प्याज बोने और पैदा करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर 40,000 रुपए से ज्यादा खर्च किए थे और आमदनी मात्र 2 रुपए हो पाई! वह घर-परिवार कैसे चलाए? रोटी कैसे खाए? बच्चों को कैसे पढ़ाए? बेटी की शादी कैसे करे? और किसानी के धंधे को बदस्तूर जारी कैसे रखे? ऐसी ही कहानी तेलंगाना में टमाटर की है। वहां टमाटर अनाथ की तरह रुल रहा है। किसान कह रहे हैं कि जितना चाहिए, टमाटर तोड़ कर ले जाएं। प्याज, टमाटर के अलावा आलू ने भी यही क्रूर यथार्थ झेला है। कुछ और सब्जियों की भी यही नियति होगी! इन परिस्थितियों में किसान आत्महत्या नहीं करेगा, तो उसके सामने विकल्प क्या है? किसान अपने ट्रैक्टर तले फसलों को रौंद रहे हैं या सडक़ों पर फेंक रहे हैं। यह प्याज, टमाटर की बर्बादी नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था को कुचलना है। भारत में प्याज की 150 लाख टन से ज्यादा की खपत है और उत्पादन 200 लाख टन से ज्यादा हुआ है। इसके बावजूद प्याज आयात किया जाता रहा है। हम इस धंधे को समझ नहीं पाए हैं। फिलीपींस में 3512 रुपए किलो प्याज बिक रहा है। अमरीका में 240, दक्षिण कोरिया में 250, ताइवान और जापान में 200, कनाडा में 190 और सिंगापुर में 180 रुपए प्रति किलो प्याज बिक रहा है। यदि हम अपने ही खुदरा बाज़ार की बात करें, तो औसतन 30-35 रुपए के दाम हैं। तो फिर किसान को उसकी फसल के सही भाव क्यों नहीं दिए जा रहे? भारत में किसान की औसत आय 27 रुपए रोज़ाना की है। यह नीति आयोग का तथ्य है। माहवार आय भी 4500 रुपए के करीब है। किसान 5500-6000 रुपए मजदूरी बगैरह करके कमाता है। क्या कृषि के मौजूदा बाज़ार के व्यवहार से स्पष्ट है कि किसान को किसानी छोडऩे पर विवश किया जा रहा है? क्या सरकार और मंडी किसानों को आंदोलन की सजा दे रही है? सरकार प्याज और टमाटर के भी भाव तय क्यों नहीं कर रही कि उससे कम पर फसल बिकेगी ही नहीं। किसानों को मंडी के बजाय विदेश में निर्यात क्यों नहीं करने दिया जा रहा? और आयात की क्या जरूरत है, जब नैफेड के कोल्ड स्टोरेज या गोदामों में प्याज भरा रखा होता है? बेहद पेचीदा नीतियां हैं सरकार की! विडंबना यह भी है कि सरकार उद्योगों में पूंजी निवेश करती है, लेकिन किसानी को कुदरत और मौसम के भरोसे छोड़ देती है। बेल-आउट पैकेज भी उद्योगों के लिए हैं। यह मेहरबानी खेती पर नहीं है। आखिर क्यों? किसान की फसल की कीमत 2 रुपए तब दी जा रही है, जब देश आज़ादी का 'अमृतकाल' मना रहा है। प्रधानमंत्री किसानों में 6000 रुपए सालाना की खैरात बांट सकते हैं, लेकिन किसानी की उचित कीमत और किसान-समर्थक व्यवस्था तैयार नहीं कर सकते।**

## सहजयोग ध्यान से आलोचनात्मक दृष्टिकोण, सृजनात्मक व आनंदमय हो जाता है



आधुनिक समय में ग्लोबलाइजेशन की कृपा से आनंद के पर्याय बदल गए हैं। मानव की सारी प्रसन्नता का आधार मानव निर्मित संसाधन हो गए हैं तथा ईश्वर प्रदत्त संसाधन मात्र हमारी लिप्सा का माध्यम बन कर रह गए हैं। ?मोबाईल फोन की आभासी दुनिया युवाओं को ही नहीं वरन् प्रौढ़ व बुजुर्गों को भी अपने शिकंजे में कसती जा रही है। कलयुग कलपुर्जों का युग है और मानव जो इनका निर्माता है अनभिज्ञता में इनका गुलाम बनता जा रहा है। क्या वास्तव में सफलता का अर्थ सिर्फ करोड़ों का पैकेज या नई नई तकनीकों का विकास ही है । यदि यह सत्य होता तो दुनिया में असंतुष्टि, निराशा, असहनशीलता, व हिंसात्मक विचार नहीं होते। प्रकृति में असंतुलन नहीं होता और प्राकृतिक आपदाओं के सामने विकास घुटने नहीं टेकता। क्या ज्ञानी होने के लिए संपूर्ण विश्व को जानना जरूरी है। क्या सामाजिक होने के लिए हजारों फॉलोअर्स होना जरूरी है क्या चार अच्छे पड़ोसी या दो सच्चे मित्र आपकी सामाजिकता को प्रमाणित नहीं कर सकते। सृजनात्मक के स्थान पर आलोचनात्मक दृष्टिकोण बढ़ता जा रहा है। क्योंकि हम प्रतिपल विचारों के चक्रव्यूह में फंसे रहते हैं। वर्तमान परिस्थितियों में दोस्तों के साथ समय बिताना, चौपालें लगना, पिकनिक पर जाना, बच्चों के खेल बहुत कम होते जा रहे हैं। यह वह समय होता था जब हम निर्विचार अवस्था में होते थे तथा अपने आसपास के वातावरण का आनंद लेते थे। निर्विचारिता ही वह स्थिति है जहां हम वास्तविक आनंद को अनुभव कर सकते हैं। प्रकृति को निहारना, कलाओं का विकास करना, नृत्य व संगीत का अभ्यास करना हमें विचार रहित जागरूकता प्रदान करता है और हम परमात्मा से एकाकार होने की ओर अग्रसर होते हैं। सहजयोग हमें सृष्टि से जोड़ता है। सहजयोग की साधना में हमें कुछ भी छोड़ना नहीं है वरन् जो छूट गया है उसे पाना है। आनंद, संतुष्टि, संतुलन, प्रेम और स्वयं को पाना ही सहजयोग है। सहजयोग हमें निरर्थक विचारों से, कृत्रिमता से, दिखावटीपन से, छदम् सफलताओं से, निराशा से, तनाव से, जातिगत भेदभाव से, कर्मकाण्ड व कट्टरता से व कृत्रिम संसाधनों की गुलामी से मुक्त कर देता है। श्री माताजी ने स्वयं हमें कहा है कि,

ये सब चीजें तब होती हैं जब आपका ध्यान आलोचना से, प्रतिक्रिया से हट जाता है। बस तुम देखते रहो, साक्षी बनो, साक्षी होने का प्रयास करो।....तो एक बार जब आप देखते हैं कि साक्षी अवस्था बढ़ जाती है तो आप वहां मौजूद हर चीज का आनंद लेने लगते हैं, यहां तक ? कि घास के एक छोटे से तिनके का भी आप आनंद ले सकते हैं, यदि आपके पास वह क्षमता है। (3 मार्च 1996)

सहजयोग अत्यंत सहज व पूर्णतया निःशुल्क ध्यान पद्धति है। इसकी अधिक जानकारी के लिए हमारे टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# होली के उपाय-17 बहुत सरल उपाय , होली की रात कोई एक जरूर आजमाएं

### शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

होली बहुत सारे उपाय आजमाए जाते हैं। यहां हम एक साथ कुछ सरल उपाय की सूची दे रहे हैं। उम्मीद है यह आपके काम आएंगे।

1. होलिका दहन के दिन घर से उतारा गयी नजर और शरीर के उबटन को होलिका में जलाने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।

2. घर, दुकान और कार्यस्थल की नजर उतारकर उसे होलिका में दहन करने से लाभ होता है।

3. भय और कर्ज से निजात पाने के लिए नरसिंह स्तोत्र का पाठ करना लाभदायक होता है।

4. होलिका दहन के बाद जलती अग्नि में नारियल दहन करने से नौकरी की बाधाएं दूर होती हैं।

5. लगातार बीमारी से परेशान हैं, तो होलिका दहन के बाद बची राख मरीज के सोने वाले स्थान पर छिड़कने से लाभ मिलता है।

6. सफलता प्राप्ति के लिए होलिका दहन स्थल पर नारियल, पान तथा सुपारी भेंट करें।

7. गृह क्लेश से निजात पाने और सुख-शांति के लिए होलिका की अग्नि में जौ-आटा चढ़ाएं।

8. होलिका दहन के दूसरे दिन राख लेकर उसे लाल रुमाल में बांधकर पैसों के स्थान पर रखने से बेकार खर्च रुक जाते हैं।

9. दांपत्य जीवन में शांति के लिए होली की रात उत्तर दिशा में एक पाट पर सफेद कपड़ा बिछाकर उस पर मूंग, चने की दाल, चावल, गेहूं, मसूर, काले उड़द एवं तिल के ढेर पर नवग्रह यंत्र स्थापित करें। इसके बाद केसर का तिलक कर घी का दीपक जलाकर पूजन करें।

10. जल्द विवाह के लिए होली के दिन सुबह एक पान के पत्ते पर साबूत सुपारी और हल्दी की गांठ लेकर शिवलिंग पर चढ़ाएं और बिना पलटे घर आ जाएं। अगले दिन भी यही प्रयोग करें।

11.बुरी नजर से बचाव के लिए गाय के गोबर में जौ, अरसी और कुश मिलाकर छोटा उपला बना कर इसे घर के मुख्य दरवाजे पर लटका दें।

12. होलिका दहन की रात तगर, काकजंघा, केसर को ÷क्लीं कामदेवाय फट् स्वाहा÷ मंत्र से अभिमंत्रित कर होली के दिन इसे अबीर या गुलाल में मिलाकर किसी के सिर पर डालने से वह वश में हो जाता है।

13. होली की रात ? नमो धनदाय स्वाहा÷ मंत्र के जाप से धन में वृद्धि होती है।

14. 21 गोमती चक्र लेकर होलिका दहन की रात शिवलिंग पर चढ़ाने से व्यापार में लाभ होता है।

15. उधार की रकम वापस पाने के लिए होलिका दहन स्थल पर अनार की लकड़ी से उसका नाम लिखकर होलिका माता से अपने धन वापसी का निवेदन करते हुए उसके नाम पर हरा गुलाल छिड़कने से लाभ होगा।

16. होली की रात 12 बजे किसी पीपल वृक्ष के नीचे घी का दीपक जलाने और सात परिक्रमा करने से सारी बाधाएं दूर होती हैं।

17. गोमती चक्र, कौड़ियां और बताशे जलती होली में स्वयं पर से उतार कर डालने से भी जीवन की हर बाधा स्वाहा हो जाती है।

3 मार्च 2023-आज माता लक्ष्मी की कृपा से किसे मिलेगा अपार धन का वरदान, पढ़ें शुक्रवार का राशिफल

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**मेष राशि**

आज का भविष्य- दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।

**उपाय-आज भिखारियों को भोजन कराएं।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-लाल**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है।

**उपाय-आज हनुमान जी की पूजा और हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

**शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-मैरून**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य -** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं।

**उपाय-जातक 7 तुलसी का पत्ता खाएं तो सेहत बढ़िया रहेगी।**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-फिरोजी**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य-**कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा।

**उपाय-जातक आज खीर का भोग छोटी कन्या को खिलाएं**

**शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-हरा**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** - तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**उपाय-आज जातक आंखों में काजल लगाएं।**

**शुभ अंक-1**

**शुभ रंग-भूरा**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य-** यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**उपाय-जातक नमक अपने उबार कर बाहर फेंक दें,काम बनेगा।**

**शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-लाल**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य-**अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।

**उपाय-जातक आज पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएं और तिल का दान दें। शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-बैंगनी**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य -** कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। या?त्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**उपाय-जातक आज पशुओं की पूरे सप्ताह सेवा करें।।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-नारंगी**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य-**किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।

**उपाय-जातक घी का दीपक घर के मंदिर में जलाएँगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-1**

**शुभ रंग-हरा**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य-**परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें।

**उपाय-जातकसंतोषी माता का व्रत करेंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-लाल**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य -** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

उपाय-आज जातक दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियां बनी रहेगी।

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-भूरा**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** -किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**उपाय-आज दो लॉन्ग को लेकर पीपल के वृक्ष पर चढ़ाएं तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-स्लेटी**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# होलिका दहन का शुभ मुहूर्त जानते है वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्रा जी से

**यूट्यूब वास्तु सुमित्रा**

होली एक धार्मिक त्योहार है जो पूरी दुनिया में हिंदुओं द्वारा मनाया जाता है। दिवाली के बाद हिंदू कैलेंडर पर होली को दूसरा सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। होली को रंगों का त्योहार भी कहा जाता है।

भगवान कृष्ण के जीवन से संबंधित स्थानों को ब्रज क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। ब्रज क्षेत्रों में होली की रस्में - मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, नंदगाँव और बरसाना - सबसे प्रसिद्ध हैं। लट्ठमार होली - बरसाना की पारंपरिक होली विश्व प्रसिद्ध है। अधिकांश क्षेत्रों में होली का त्योहार दो दिनों तक मनाया जाता है। पहले दिन को जलानवाली होली के नाम से जाना जाता है - वह दिन जब होली का अलाव जलाया जाता है। इस दिन को छोटी होली और होलिका दहन के नाम से भी जाना जाता है। होलिका दहन को दक्षिण भारत में काम दहनम कहा जाता है। दूसरे दिन को रंगवाली होली के रूप में जाना जाता है - जिस दिन लोग रंगीन पाउडर और रंगीन पानी से खेलते हैं। रंगवाली होली जो मुख्य होली का दिन है उसे धुलंडी या धुलेंडी के नाम से भी जाना जाता है।

पहले दिन दाहिनी होलिका दहन मुहूर्त पर सूर्यास्त के बाद अलाव जलाया जाता है। मुख्य होली का दिन जब लोग रंगों से खेलते हैं, हमेशा होलिका दहन या होली अलाव का अगला दिन होता है। अगले दिन सुबह लोग सूखे और गीले रंगों से होली खेलते हैं। लोग सूखे रंग के पाउडर से होली खेलने के लिए अधिक इच्छुक और सहज होते हैं जिन्हें गुलाल के रूप में जाना जाता है। हालांकि कई लोगों को लगता है कि गीले रंगों के बिना होली का जश्न अधूरा है। गीले रंग को चेहरे पर लगाया जाता है और सूखे रंग के पाउडर में थोड़ा सा पानी मिलाकर चेहरे पर बना लिया जाता है। अधिक उत्साही होली लोक गीले रंग में पूरे शरीर को सराबोर करने के लिए पानी




की पूरी बाल्टी में सूखे रंग का पाउडर मिलाते हैं।होली का दिन जब लोग रंगों से खेलते हैं, हमेशा होलिका दहन या होली अलाव का अगला दिन होता है।होलिका दहन के लिए सही मुहूर्त चुनना किसी भी अन्य त्योहारों के लिए सही मुहूर्त चुनने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अन्य त्योहारों पर गलत समय पर पूजा करने से पूजा का लाभ नहीं मिलता है लेकिन गलत समय पर होलिका दहन करने से कष्ट और दुर्भाग्य होता है।

**होलिका दहन का शुभ मुहूर्त -**

होलिका दहन मंगलवार, 7 मार्च 2023 को मनाया जायेगा। होलिका दहन मुहूर्त - शाम 06-14 बजे से रात 08 -39 बजे तक

अवधि - 02 घंटे 25 मिनट

होली का रंगोत्सव बुधवार, 8 मार्च 2023 को मनाया जायेगा।

भद्रा पुंछा - 03 बजकर 13 मिनट से 04 बजकर 31 मिनट तक रहेगा

भद्रा मुख - 04 बजकर 31 मिनट से 06 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।

छोटी होली - हिंदू शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन या होलिका दीपक या छोटी होली पूर्णिमा तिथि के सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में शुरू होता है। पूर्णिमा तिथि के पूर्वार्द्ध में भद्रा प्रबल रहती है और भद्रा होने पर सभी शुभ कार्यों से बचना चाहिए।

**होलिका दहन मुहूर्त कैसे निकला जाता है -**

होलिका दहन मुहूर्त का निर्धारण निम्नलिखित नियमों के आधार पर किया जाता है ।

1। होलिका दहन मुहूर्त प्राप्त करने की पहली प्राथमिकता प्रदोष के दौरान होती है जबकि पूर्णिमा तिथि प्रचलित होती है और भद्रा समाप्त हो जाती है। 2। यदि भद्रा प्रदोष काल में प्रबल हो लेकिन मध्यरात्रि से पहले समाप्त हो जाए तो भद्रा समाप्त होने के बाद होलिका दहन करना चाहिए। 3। यदि भद्रा मध्य रात्रि के बाद समाप्त हो रही है तो केवल होलिका दहन भद्रा में और विशेष रूप से भाद्र पंचा के दौरान किया जाना चाहिए। 4। हालांकि भद्रा मुख से बचना चाहिए और किसी भी हालत में भद्रा मुख में होलिका दहन नहीं करना चाहिए। 5। कई बार प्रदोष और मध्य रात्रि के बीच भद्रा पंच नहीं होता है तो ऐसे में प्रदोष के दौरान होलिका दहन करना चाहिए। 6। दुर्लभ अवसरों पर जब न तो प्रदोष और न ही भाद्र पंच उपलब्ध हो तो प्रदोष के बाद होलिका दहन करना चाहिए।

विशेष धयान देने की बात है की भद्रा मुख में होलिका दहन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से न केवल व्यक्तियों के लिए बल्कि पूरे शहर और देश के लिए पूरे वर्ष दुर्भाग्य आता है। यदि भद्रा पंच प्रदोष से पहले या आधी रात के बाद हो तो हम उसे होलिका दहन के लिए नहीं ले सकते क्योंकि होलिका दहन प्रदोष और आधी रात के बीच किया जाना चाहिए। आपको रंग भरी होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ. सुमित्रा अग्रवाल**
**सिटी प्रेसीडेंट इंटरनेशनल वास्तु अकादमी ,**
**कोलकाता**

### सरदर्द

*सर का दर्द ही,सरदर्द नहीं होता,*
*कुछ लोग भी सर का दर्द होते हैं /*

*दूसरों को ज्ञान बाँटने होते माहिर,*
*मगर मन से ज़ालिम,बड़ा बेदर्द होते //*

*कुछ कहने जाओ,बातें चार सुनाते,*
*अच्छा कहकर सारी बेकार सुनाते /*

*अपनी कहते और अपनी ही सुनते,*
*जैसे खुद की चलती सरकार बनाते //*

*खुद की थकते नहीं करते तारीफ,*
*बेशरम होते और बनते हैं शरीफ /*

*जबरजस्ती अपनी है टांग अड़ाते,*
*और दूसरों से बातें करते हैं हरीफ //*

*गले पड़ जाते हैं ये,देखो बिन बुलाये,*
*बेकार में मिले जिनसे उनको सताये /*

*कान पकाते भाई बतिया बतियाकर,*
*बेवजह सर का दर्द गिफ्ट में दे जाये //*

*-नितेश कुमार दिवाकर*

# (अंतरारष्ट्रीय चिंतन) रूस यूक्रेन युद्ध, जैविक युद्ध की तरफ बढ़ रहा है

### अमेरिकी दखल से बौखलाया रूस

यूक्रेन कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगीद्य रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है।

अंतर्राष्टीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को



संजीव ठाकुर

अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है। 13 देशों के आर्थिक समुदाय ने भी चीन को एक खुला संदेश देकर चुनौती दे दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका तथा चीन के विरुद्ध आर्थिक क्षेत्र तथा सामरिक क्षेत्र में खुली प्रतिस्पर्धा मैदान में आ गई है। अमेरिका वैसे भी पूर्व से ही रूस का विरोधी रहा है अब अमेरिका चीन तथा रूसी गठबंधन को आने वाले समय के लिए एक बड़ा खतरा मानते पूरे विश्व को इन दोनों के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक शांति और सभ्यता को नष्ट होने से बचाने के लिए इन दोनों देशों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक भी है।

# भोरासा मे फाग उत्सव के रूप में बस स्टैंड पर श्याम खाटू कीर्तन का आयोजन हुआ

**नगर में निकली निशान यात्रा बाबा श्याम रथ में सवार होकर नगर में निकाला चल समारोह,,,,**





**भोरासा निप्र/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर मैं बड़ा हनुमान चौक से बाबा श्री श्याम खाटू भक्त मंडल द्वारा नगर में निशान यात्रा निकाली बाबा खाटू श्याम को एक रथ में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गो से बस स्टैंड पर लाया गया वहीं बाबा खाटू श्याम का जगह-जगह नगर के लोगों द्वारा फुल वर्षा कर स्वाग किया गया आगे आगे झंडा लेकर के महिलाएं पुरुष बाल गोपाल बालिकाएं बाबा श्याम खाटू के जयकारे लगा रहे थे इसके आगे डीजे की धुन पर बाबा श्याम खाटू के सुंदर-सुंदर भजन खाटू वाले के श्याम बाबा के भजन बज रहे थे उन्हीं भजनों पर बाबा के भक्तगण नाचते हुए चल रहे थे वही त्रिमूर्ति चौक पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा छोटा हनुमान चौक पर पार्षद भादर सिंह भाटिया ने बाबा को फूल माला अर्पण कर उनका आशीष लिया एवं नवीन डोडिया द्वारा सभी भक्तों को आइसक्रीम खिला कर बाबा खाटू श्याम का स्वागत किया बाबा को फूलों की माला पहनाई वही जब यात्रा बस स्टैंड पर पहुंची तो महिलाओं ने बाबा का पूजन पाठ कर आरती उतारकर बाबा खाटू वाले श्याम का आशीर्वाद लिया वही रात्रि मैं बाबा श्याम खाटू कीर्तन का आयोजन हुआ भजन गायक मंत्री द्वारकाधीश,निशा त्रिवेदी भोपाल, अमित पारीक मक्सी,मनोज राठौड़ भोरासा ने दी बाबा खाटू श्याम,माता रानी के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति नगर के बस स्टैंड पर बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा की दिव्यज्योति प्रकट कर दिव्य ज्योति के दर्शन का लाभ सभी श्रद्धालुओं ने लिए।भजन गायक द्वारका मंत्री व निशा त्रिवेदी भोपाल, अमित पारीक मक्सी, मनोज राठौर भोरासा, का स्वागत हार पहनाकर युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया वही सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा ,मंडल महामंत्री संजय यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, सहित भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे और बाबा श्याम का कीर्तन का आनंद लिया भजन गायक द्वारका मंत्री ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की आरती के साथ भजन का शुभारंभ किया गणेश आरती के बाद खाटू श्याम के एक के बाद एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई रात्रि को 8-00 बजे बस स्टैंड पर एक शाम खाटूनरेश के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्री श्याम महाकीर्तन व ज्योत दर्शन के साथ इत्र केशर की पुष्प वर्षा, अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग व भव्य दरबार सजा कर भजन का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री के द्वारा बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें श्री श्याम प्रेमियों के द्वारा एवं माता बहनों ने अधिक से अधिक संख्या में पधार कर श्री श्याम के भजनों का आनंद लिया भजनों के बीच उत्सव भी मनाया गया जिसने समिति के द्वारा पूरे पांडाल में पुष्प के साथ गुलाल उड़ाकर भक्तों के साथ भगवान के साथ समस्त श्याम प्रेमी भोरासा के द्वारा कराया गया ।

## आज विश्व श्रवण दिवस पर जिला चिकित्सालय में जांच एवं जागरूकता शिविर

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 3 मार्च शुक्रवार को जिला चिकित्सालय खरगोन में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जॉच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार भारत में बधिरता (बहरेपन) का प्रवेलंस 6.3 प्रतिशत है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीएस चौहान ने बताया कि इतनी बढ़ी जनसंख्या में श्रवण बाधिरता होने के कारण शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से व्यक्ति कमजोर होता है। श्रवण संबंधी समस्या की सही पहचान कर बधिरता को प्रारंभिक उपचार, हियरिंग हेड, स्पीच थेरेपी एवं ऑपरेशन के माध्यम से रोका जा सकता है। वहीं इससे होने वाली विकलांगता को 50 प्रतिशित तक कम किया जा सकता है। विश्व श्रवण दिवस जिसकी मुख्य थीम Ear and hearing care for all ! lets make it reality है। इस अनुक्रम में जिला चिकित्सालय में विश्व श्रवण दिवस मनाया जाएगा। जिसमें आने वाले मरिजों की जॉच कर आवश्यकता होने पर चिकित्सीय हियरिंग एडं सामाजिक न्याय विभाग से समन्वय कर एवं सर्जिकल उपचार प्रदान किया जाएगा।

## लाड़ली बहना योजना में 23 से 60 वर्ष की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह मिलेंगे 1-1 हजार

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की है। इस योजना में प्रदेश की 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह प्रदेश सरकार 1-1 हजार रूपये की राशि देगी। इस योजना का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 5 मार्च को भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन से ही प्रदेश की महिलाएं लाडली बहना योजना के आवेदन कर सकेगी। योजना का लाभ लेने के पात्र महिलाओं का व्यक्तिगत बैंक खाता और खाता आधार से लिंक एवं डीबीटी सक्रिय होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा स्वयं का समग्र पार्टल द्वारा जारी सदस्य का समग्र आईडी और आईडी ई-केवायसी से लिंक होना अनिवार्य है। लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं समग्र आईडी बनाने के लिए समग्र पोर्टल पर जाएं इसके बाद सदस्य की जानकारी भरकर आधार ई-केवायसी करना होगा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के तुरंत बाद ओटीपी सत्यापन करके आवेदन दर्ज हो जाएगा। वहीं ऑफलाइन आवेदन महिलाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। यहां ग्राम पंचायत सचिव द्वारा आधार ई-केवायसी करने के बाद आवेदन दर्ज कर लिया जाएगा। स्थानीय निकाय द्वारा सत्यापन के पश्चात महिलाओं की समग्र आईडी जारी कर दी जाएगी। जिसे ग्राम पंचायत सचिव या समग्र पोर्टल से प्राप्त कर सकती है। वहीं महिलाएं बैंक खाता आधार से लिंक कराने के लिए बैंक शाखा में जाकर करवा सकते है।

### 5 मार्च तक होंगे समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रबी विपणन वर्ष 2023-24 में किसान गेहुं उपार्जन के लिए पंजीयन एमपी ऑनलाइन, सीएसी सेंटर, मोबाइल एप एवं नजदीकी सोसायटी संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर 5 मार्च तक करा सकते हैं। जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन कृषकों ने गेहूं बोऐ हैं और अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं तो तुरंत नजदीकी केन्द्र पर जाकर निर्धारित तिथि से पूर्व पंजीयन कराएं। वहीं किसान अपना पंजीयन सेवा सहकारी समिति के निर्धारित केंद्र पर निःशुल्क भी करा सकते हैं।

## अमृत काल में पंचप्राण को साकार करने के लिए युवा करेंगे मंथन

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड। आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसी कड़ी में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा सामुदायिक संगठनों की भागीदारी से हर जिले में युवा संवाद इंडियाञ्च2047 का आयोजन 01 अप्रैल से 31 मई तक किया जाना है। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करते हुए जिला स्तर पर आयोजित होने वाले युवा संवाद कार्यक्रम में इस बार समुदाय केंद्रित संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक युवाओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके। युवा संवाद में अमृत काल के पंच प्रण से जुड़े विषयों पर संवाद किया जाएगा। राज्य निदेशक डॉ. सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि युवा संवाद में भागीदार बनने के लिए एक इच्छुक सामुदायिक संगठन जिलों के नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में 13 मार्च तक संपर्क कर पंजीयन फॉर्म जमा कर सकते हैं। पंजीयन उपरांत जिला स्तर पर कमेटी द्वारा 03 श्रेष्ठ संगठनों का चयन किया जाएगा, जिनके सहयोग से जिला स्तर पर युवा संवाद इंडियाञ्च2047 का आयोजन होगा।

## प्रत्येक बूथ को मज़बूत बनाने के लिए अभियान के रूप में जुटें कार्यकर्ता : शर्मा

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में देश और प्रदेश में चल रही गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार ने सभी समाजों को भरपूर सुविधाएं दी हैं। हमें सभी वर्गों के साथ व्यापक और सतत संपर्क करना है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी फिर से बूथ विस्तारक योजना अभियान शुरू किया जा रहा है। हमें मेरा बूथ सबसे मजबूत करके दिखाना है। इस अभियान का उद्देश्य को सक्रिय तथा मजबूत बनाना है और हमें उन बूथों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जहां हम कमजोर हैं। इसीलिए कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण के कार्य में जुटें। यह बात गुरुवार को देवास जिला मुख्यालय के दिव्य सांई पैलेस पर बैठक एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान टोली की कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान दो में अब प्रत्येक बूथ को मज़बूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता अभियान के रूप में जुटे। इस हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता को जवाबदारी दी गई है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने कहा कि 14 मार्च से चलने वाले बूथ विस्तारक अभियान-2 के तहत हमें पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति के गठन सहित हितग्राही संपर्क करना है। शक्ति केंद्र की बैठकें 13 और 14 मार्च को होगी तथा 14 मार्च से मूल अभियान शुरू हो जाएगा। यह सात दिवसीय अभियान 21 मार्च तक चलेगा। इसके बाद 23-24 मार्च को मंडल स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। वहीं 25 मार्च को शक्ति केन्द्र की समीक्षा बैठक होगी। इसी के साथ 26 मार्च को प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना जाएगा।

कार्यशाला को भाजपा जिला प्रभारी मधु वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश यादव ने किया। स्वागत भाषण राजीव खंडेलवाल ने दिया तथा आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी ने माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप दुर्गेश अग्रवाल, महेश दुबे, रायसिंह सेंधव, पोपेन्द्रसिंह बग्गा, मनीष सोलंकी, ओम जोशी, भरत चौधरी, मनोहरसिंह पवार सहित कई जिला पदाधिकारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी व सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

**गरीबों के सफेद चावल का काला कारोबार...**

# देवास सोनकच्छ के पास एक गोडाउन में मिला पीडीएस का डेढ़ सौ क्विंटल से ज्यादा चावल

**कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई...»» लंबे समय से चल रहा था गरीबों के राशन का काला कारोबार...»» गोडाउन में दस गैस की टंकी भी अवैध रूप से रखी पाई गई...**



**देवास/राजेन्द्र सिंह पंवार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सोनकच्छ में गरीबों के राशन का काला कारोबार बड़े पैमाने पर लंबे समय से चल रहा था। पिछले कुछ समय से चावल के काले कारोबार में सोनकच्छ प्रदेश के बड़े केंद्र का रूप ले चुका था। सोनकच्छ में देवास, भौंरासा, पीपलरावां, मेतवाड़ा सहित आसपास के इलाकों से पीकप वैन में भरकर चावल पहुंचता था, और सोनकच्छ से इंदौर, उज्जैन और गुजरात तक ट्रकों से सप्लाय किया जाता था। इस बात की सूचना देवास कलेक्टर ऋषभ गुप्ता को लगी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खाद्य विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। उसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने सोनकच्छ के घट्टयाभाना रोड पर एक गोडाउन में कार्रवाई की, जहां सैकड़ों बोरियों में भरा चावल जब्त किया गया। इसी गोडाउन से गैस की दस टंकियां भी जब्त की गई हैं।

आपको बता दें कि सोनकच्छ में गरीबों के राशन पर डाका डालकर चावल गुजरात भेजा जा रहा था। सूत्र बताते हैं कि सोनकच्छ में चावल के काले कारोबार में करीब एक दर्जन लोग लिप्त हैं। जो इस काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। चावल की थैलियों से भरी पीकप वैन सोनकच्छ की सड़कों पर दिनभर बेखौंफ दौड़ती रहती हैं... जो इन काले कारोबारियों के गोडाउन में पहुंचती हैं। जहां से ट्रक और ट्राले गुजरात, इंदौर और उज्जैन के लिए भरे जाते हैं। पिछले दिनों भी औद्योगिक क्षेत्र थाने में एक ट्रक पकड़ा गया था, वह ट्रक भी सोनकच्छ से गुजरात जा रहा था। चावल के काले कारोबारियों पर सोनकच्छ में की गई कार्रवाई में यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

खाद्य विभाग के कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा जब गोडाउन के पास पहुंचे तो वे करीब दो घंटे तक मशक्कत करते रहे किंतु गोडाउन का कोई जिम्मेदार नहीं आया। उसके बाद गोडाउन मालिक को बुलाया गया, जिन्होंने बताया कि प्रतापसिंह पिता शेरसिहं से किराए पर देने की बात फोन पर हुई थी, जिन्होंने किराए से लेने से पहले ही गोडाउन में चावल भर दिया। उसके बाद खाद्य अधिकारी ने मौके पर पंचनामा बनाया और गोडाउन का ताला तोड़ा गया। ताला तोड़कर जब वे अंदर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। वहां सैकड़ों बोरियां पीडीएस के चावल से भरी पाई गई। जिसकी मात्रा करीब डेढ़- दो सौ क्विंटल से ज्यादा होना बताई जा रही है। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता की इस बड़ी कार्रवाई के बाद चावल के काले कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है और कई काले कारोबारियों के भूमिगत होने की खबर है। मामले की जांच में कई परतें खुलने की उम्मीद है।

## होलिका दहन, धुलण्डी, रंगपंचमी व शब-ए-बारात में सुरक्षा व्यवस्था के सौंपे दायित्व

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने होलिका दहन, धुलण्डी, रंगपंचमी एवं शब-ए-बारात पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने के संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी किए हैं। जारी पत्र में 7 मार्च को होलिका दहन, 8 मार्च को शब-ए-बारात व धुलेण्डी तथा 12 मार्च को रंगपंचमी पर्व होने से शहन में कानून व सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इनमें जिला चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस, औषधी उपकरण थाना/पुलिस कंट्रोल रूम में 7 मार्च को प्रातः 7 बजे उपलब्ध कराना होगा। वहीं नपा सीएमओ खरगोन को फायर बिग्रेड, पानी व्यवस्था तथा क्षेत्र में साफ-सफाई आदि कराने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया जाए। इसके अलवा शहर में विद्युत प्रवाह निरंतर बनाए रखना तथा विद्युत बंद होने की स्थिति में वैकल्पित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग खरगोन के अधीक्षण यंत्री को दायित्व सौंपा गया है।

## खरगोन पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत 50 अवयस्क बालक बालिकाओं को खोजा

**विभिन्न राज्यों से ढूंढकर लाए गुम हुए बालक-बालिकाएं**

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयाबी के लिउ विशेष मुस्कान अभियान 15 जनवरी से 28 फरवरी तक चलाए जाने के लिए आदेशित किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण झोन श्री राकेश गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज श्री तिलक सिंह द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के उपरांत खरगोन जिले के समस्त थानों के नाबालिक बालक-बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों की समीक्षा की गई। वहीं जल्द से जल्द नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयाबी करने के लिए निर्देशित किया गया। आदेश एवं निर्देशों के पालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीरसिंह के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनीष खत्री व समस्त अनुविभागी अधिकारी पुलिस नेतृत्व में नाबालिक बालक-बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों के विवेचना अधिकारियों की लगातार मीटिंग लेकर केस डायरी की समीक्षा कर गुम हुए बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए प्रयास किए गए। थानों की विशेष टीम द्वारा गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों मे लगातार दस्तयाबी के प्रयास किए। जिनके परिणामस्वरूप खरगोन जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 50 नाबालिक बालक-बालिकाओं को सकुशल दसत्याब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

अभियान के पूर्व कुल 72 नाबालिक बालक-बालिकाओं की बरामदगी शेष थी। 15 जनवरी से 28 फरवरी तक कुल 30 गुम बालक बालिकाओं के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस प्रकार कुल 102 बालक बालिकाओं में से 50 नाबालिक बालक बालिकाएं कुल 51 प्रतिशत की बरामदगी अभियान के दौरान की गई। नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी में डीएसपी सीएडब्ल्यू श्री धर्मवीर नागर, महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी सुनीता मुजाल्दे, निरीक्षक भारत सिंह रावत, निरीक्षक रामलाल वर्मा डीसीबी शाखा, निरीक्षक राजकुमार दीक्षित सहित सायबर सेल द्वारा विशेष प्रयास किया गया। बालक बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए प्रत्येक प्रकरण में 5-5 हजार रूपये के ईनाम उदघोषित किये गये विवेचना टीम को विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराये जाकर बरामदगी कराई गई।

## रोजगार देने के लिए पेपर बेग एंड फाइल मेकिंग का प्रशिक्षण दिया

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आजीविका मिशन से जुड़कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं को आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। 21 फरवरी से प्रारम्भ हुए पेपर बेग एंड फाइल मेकिंग के 10 दिनों के प्रशिक्षण में 15 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। आरसेटी के डायरेक्टर श्री नरेश कुमार शेन्द्रे ने बताया कि इस प्रशिक्षण में 32 तरह के बैग बनाना सिखाया गया है। इसमें शॉपिंग बैग के अलावा किराना सामग्री तथा फ़ूड आयटम के भी बैग शामिल है। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने कलेक्टर श्री वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने एनआरएलएम की पीओ सीमा निंगवाल को मार्केट लिंकेज कराने के प्रयास करने के निर्देश दिए। श्रीमती निंगलवाल ने बताया कि आगे गॉवों में महिलाओं को भी प्रशिक्षित करेगी। साथ इन्हें स्वरोजगार देने के उद्देश्य से इंदौर और खरगोन में मार्केट लींकेज भी करवाया जाएगा।

## पीजी कॉलेज में साइबर क्राइम पर हुआ विशेष व्याख्यान, छात्रों को किया जागरूक



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीजी कॉलेज खरगोन में वर्ल्ड बैंक परियोजना के अंतर्गत भौतिक विभाग द्वारा गत दिवस बुधवार को साइबर क्राइम पर विशेष व्याख्यान का आयोजित किया गया। वहीं प्राचार्य डा आर. एस. देवड़ा ने विद्यार्थियों को साइबर-स्मार्ट बनने के लिए प्रेरित किया गया। एक्सपर्ट शासकीय होलकर महाविद्यालय इंदौर के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप शर्मा डॉ. शर्मा ने बताया कि साइबर क्राइम ऐसी क्रिमिनल एक्टिविटी है जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क डिवाइस या नेटवर्क के जरिए ठगी की जाती है। ये कई प्रकार के होते है और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहते हुए खुद को हानि होने से बचाया जा सकता है। जैसे कि वाट्सएप पर टू स्टेप वेरिफिकेशन, पब्लिक डोमेन में व्यक्तिगत जानकारी न डाले, ओटीपी किसी से भी शेयर न करे एवं समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. भटनिया ने भी छात्रों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान का संचालन प्रो. दिनेश चौधरी ने एवं आभार ऐश्वर्या दिलावारे ने माना। इस अवसर पर प्रो. संतोष राठौड़, प्रो. अमीका बिर्ले, प्रो. शेफाली महाजन उपस्थित रहे।

## जल वितरण और शुद्धिकरण जानने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट पहुँचे कलेक्टर

**डब्ल्यूटीपी, एसटीपी और इंटेकवेल से जानी जल वितरण व्यवस्था**





**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने गुरुवार को शहर में जल वितरण और जल शुद्धिकरण जानने के लिए संतोषी माता मंदिर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटेकवेल पहुँचे। यहां उन्होंने जल को शुद्ध करने की प्रक्रिया और शहर के प्रतिदिन जल वितरण के बारे में जाना। प्लांट पर कलेक्टर श्री वर्मा को लेब टेक्नीशियन ने उनके सामने जल शुद्ध करके भी दिखाया। बताया गया कि यहां प्रतिदिन 6 एमएलडी पानी का शुद्धिकरण कर वितरित किया जाता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने शहर की जनसंख्या के हिसाब से प्रतिव्यक्ति को कितना जल प्रतिदिन प्रदाय किया जाता है। इसके संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम श्री ओएन सिंह, नपा सीएमओ श्रीमती प्रियंका पटेल एमपीयूडीसी के अधिकारी मौजूद रहे।

**सीवरेज को ट्रीट करके स्नेह वाटिका को सिंचित करेगा**

आनंद नगर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने पानी का ट्रीटमेंट होने के बाद उनके उपयोग की जानकारी ली। सीएमओ श्रीमती पटेल ने बताया कि अभी ईट भट्टे वाले ले जा रहे हैं। लेकिन पाइप लाइन करके इसे केंद्रीय विद्यालय के सामने स्थित स्नेह वाटिका में पौधों सिंचित करने की योजना बताई। हालांकि जिस समय कलेक्टर श्री वर्मा ने क्लीन वॉटर टैंक का अवलोकन किया उस समय भी जल की शुद्धता नहीं होने पर प्रश्न खड़े किए। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी 5 एमएलडी प्रतिदिन ट्रीट होने वाले जल का उपयोग नहीं हो रहा है और नदी में छोड़ा जा रहा है। इसका उपचार शीघ्र करने के निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन शासन की प्राथमिकता की योजना , समय पर काम पूरा नहीं करने पर एक सहायक यंत्री व दो उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**जानबूझ कर काम में देरी करने वाले ठेकेदारों पर एफ आई आर दर्ज होगी»»निर्धारित समय सीमा में काम करने की जिम्मेदारी अधिकारी और ठेकेदार दोनों की- कलेक्टर »»कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की बैठक ली**





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार को कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम ने प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखण्डवार स्वीकृत, प्रगतीरत और पूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। खाचरौद जनपद में मात्र 17 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए खाचरौद के एई पीएचई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा खाचरौद के 2 सब इंजिनियर को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे, ईई पीएचई, समस्त एई पीएचई, समस्त एसडीएम, सीइओ जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी, पीएचई के सब इंजिनियर तथा निर्माण करवाने वाले ठेकेदार मौजूद थे।

बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखण्डवार एकल ग्राम योजनाओं की स्वीकृत, प्रगतीरत और पूर्ण स्थिति की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि उज्जैन विकासखण्ड में 25 योजनाऐं पूर्ण हो चुकी हैं। कलेक्टर ने एई से पूछा की जो योजनाएं पूर्ण् हो चुकी हैं उनमें स्थानीय निवासियों को नियमित रूप से पानी मिल रहा है अथवा नहीं। जो योजनाएं पेण्डिंग हैं उनमें नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार को तलब किया। ग्राम पंचायत बिछड़ौद में निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण् नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यदि काम ढंग से नहीं किया गया तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जायेगा। इसके अलावा उज्जैन विकासखण्ड के आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल कनेक्शन को चेक कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा किये गये।

घट्टिया विकासखण्ड में समीक्षा के दौरान सिर्फ 11 योजनाएं पूर्ण होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि अगले पन्द्रह दिन के अंदर ठेकेदार द्वारा कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम और जनपद सीईओ जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूरे हो चुके तथा निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण करें। कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में नियमित रूप से पानी आ रहा है या नहीं इसकी समय-समय पर जाँच करें।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि समस्त एसडीएम जल जीवन मिशन के लंबित कार्यों को तेज गति से पूरा करवाएं। यदि किसी अधीनस्थ अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करनी हो तो प्रस्ताव भेजें। नागदा में कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जायें। तराना की सीडीपीओ को आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल कनेक्शन की पर्याप्त जानकारी नहीं होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

महिदपुर की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 16 योजनाएं पूर्ण की गई है। कलेक्टर ने कहा कि यदि 15 दिनों में प्रगति नहीं आयी तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। विकासखण्डवार जल जीवन मिशन के तहत रोड रिस्टोरेशन की स्थिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि बारिश के पहले रोड रिस्टोरेशन का कार्य खत्म होना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि 15 दिन के बाद जल जीवन मिशन की बैठक पुनः ली जायेगी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी विकासखण्डवार आंगनवाड़ी केंद्रों में तथा स्कूलों में पेयजल कनेक्शन की सूक्ष्म मॉनिटरिंग करें। जल जीवन मिशन सरकार की प्राथमिकता की योजना हैं। इस लिए समय सीमा में काम पूरे किये जायें अन्यथा अधिकारी और ठेकेदार दोनों जिम्मेदार होंगे।

# वीर सावरकर महाविद्यालय में नही है वीर सावरकर



**पचौर/दैनिक मालवा हेराल्ड/ हेमंत कुमार शर्मा।** नगर में स्थित एक मात्र शा. महाविद्यालय का नाम स्वत्रंता सेनानी अमर वीर सावरकर के नाम पर तो है, परंतु महाविद्यालय के अंदर वीर सावरकर की प्रतिमा स्थापित नही है। 2005 में महाविद्यालय का नाम वीर सावरकर जी के नाम पर रखा गया था परंतु आज 18 वर्षों बाद में महाविद्यालय में सावरकर जी मूर्ति स्थापित नही हो पाई है। महाविद्यालय में महात्मा गांधी जी की मूर्ति है जिसका कोई विरोध नही है परंतु सावरकर कॉलेज में ही सावरकर का न होना हमारे लिए किसी पीड़ा से कम नही है।

आज युवा हिंदू उत्सव समिति, पचोर के माध्यम से महाविद्यालय प्रचार्य राजेन्द्र गुप्ता को वीर सावरकर जी की मूर्ति स्थापना के लिए आवेदन दिया गया। समिति ने प्रचार्य से निवेदन किया कि आने वाली 28 मई को वीर सावरकर जी की 140वी जन्मजयंती है। इसलिए 28 मई से पहले महाविद्यालय में सावरकर जी की मूर्ति स्थापित की जाए ज्ञापन में उपस्थित युवा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी, सचिव सच्चिदानंद मिश्रा, उपाध्यक्ष शुभम राठौड़, मंत्री शुभ सोनी, सह मंत्री तन्मय गोयल, मयंक शर्मा, अतुल सोनी, सागर मालवीय उपस्थित रहे।

## जब निकल बखत जाए ........

*करन चाह कर ले तू, निकल बखत जाय,*
*करत सबो तू ही नष्ट, तो काहे मुंह लटकाए।*
*देखत औरन को, फिर काहे पछताय,*
*करम जो करे तू, ना कोई जानत पाय।।*
*घोंसले में बेठत अपने, अश्रु बहाय,*
*जानत जग, कह ना कोई पाय।*
*देवत स्वयं बुलावा समस्या को,*
*फिर कहत हाय- हाय, तेरी करनी तू ही भोगे*
*जब निकल बखत जाय।।*
*खोवत जग में सब......*
*तो पराया तेरा क्या हो जाय,*
*जब तू लागे अपनी डोर फेलाय।*
*तब काटन को जग आय, तू चिंता से क्यों घबराय,*
*करम करे तू, तो संसार से क्यों डर जाय।।*
*बखत तेरी भी ऐसी आय,*
*दुख में सुख और सुख में दुख नज़र आय।*
*जाय दिवस जब निकल, बस पीठ दिखाय,*
*करन चाह करले तू, निकल बखत जाय।।*

**-मोनिका सोलंकी अमरसिंह**

## खालीपन क्यों है

*जिंदगी में सब कुछ हरा भरा सा है,*
*तुम्हारे प्यार बिना ईतना सूनापन क्यों है,*
*दिन रात एक अजीब से बैचेनी है,*
*तुम्हारे बिना जिंदगी में खालीपन क्यों है,*
*इस खूबसूरत जिंदगी की तस्वीर में*
*प्यार के रंगों का अधूरापन क्यों है,*
*इस रंगबिरंगी जीवन की माला में,*
*प्यार के मोती कुछ कम क्यों है,*
*जिंदगी की हरी भरी बगिया में,*
*प्यार के फूलो पर बहारे कम क्यों है,*
*इस दौड़ती भागती जिंदगी में,*
*आपस में अपनापन कम क्यों है,*
*सूरज की रौशनी होते हुए भी,*
*जीवन में प्यार के उजाले कम क्यों है,*
*सुहानी चांदनी रात होते ह्ये भी,*
*आपस में प्यार की शीतलता कम क्यों है,*
*आओ इस खूबसूरत जिंदगी का ,*
*खालीपन , अधूरापन , सूनापन दूर करे,*
*सूरज की रौशनी का , चाँद की शीतलता का,*
*फूलों की बहारों का , बारिश की फुहारों का,*
*रंग बिरंगी जिंदगी का , हरी भरी बगिया का,*
*इन सभी का अपने जीवन से अपनापन करे ।*

**-डॉ. संजय कुमार मालवी (आदर्श)**



## होली

*आओ खुशीयों के रंगो का त्योहार मनाते हैं*
*रंग के दुसरो को खुशी के रंग खुद भी रंग जाते हैं*
*करते है माफ सबको सब गिले शिकवे भूल जाते हैं*
*मिलते है रंग जैसे होली मे हम सब भी मिल जाते हैं*
*आओ खुशीयों के रंगों का त्योहार मनाते हैं ।*

*भूल कर मजहब के फासलों को हम सब एक हो जाते हैं*
*करते रहे जो हम खुद से ही बेईमानी अब मिल कर नेक हो जाते है*
*भर देते है इन रंगों को हम अपनी बेरंग दुनिया में*
*आज फिर एकता से अनेकता को हराते हैं*
*आओ खुशीयो के रंगों का त्योहार मनाते हैं ।*

*तुम राधा बनो मै बनके कृष्ण तुम्हे बांसुरी के सुर में नचाऊ*
*भर कर प्रेम पिचकारी में तुम्हे मै प्रेम रस मे भिगाऊ*
*तुम शुद्ध शीतल जल की तरह*
*मै सूखे रंगों की तरह तुझमे मिल कर तेरा हो जाऊ*
*उस पवित्र प्रेम की होली को फिर दोहराते हैं*
*आओ खुशीयों के रंगों का त्योहार मनाते हैं ।*

*छ्ल कपट द्वेष की सोच को होलिका में जलाते हैं*
*धर्म के आसमान से उठ कर इंसानियत की पहचान बताते हैं*
*खुद के अंदर के अहंकार को खुद ही हराते हैं*
*आओ सत्य की असत्य पर विजय की होलिका जलाते हैं*
*आओ खुशीयों के रंगों का त्योहार मनाते हैं*
*आओ खुशीयों के रंगों का त्योहार मनाते हैं ।*

**- जुबेर जिलानी**

## रंग प्रेम के हमको लगान है

*आई होली रूठों को मनाना है*
*रंग प्रेम हमको लगाना है।*
*जो हमसे रूठे और ख़फ़ा हैं*
*उनको प्रीत के रंग रंगाना है।*
*हमसे जो नाराज़ और,उदास हैं*
*उस उदासी में खुशी भर जाना है।*
*हो गई ग़र हमसे कोई नोक-झोंक*
*इस फ़लसफे में प्यार जताना है।*
*हमे कोई बेवज़ह बूरा न समझे*
*इस भरम को रंगों से मिटाना है।*
*हम तुम्हारे अपने हैं ग़ैर न समझना*
*इस होली में प्यार के रंग रँगाना है।*
*प्यार के रंग की होली रँगाऊंगा*
*जो दूरियाँ है उसे नज़दीक बनाना है।*
*इस बार की होली यादगार बने*
*ऐसा दिल में प्यार का रंग भर जाना है।*

**-अशोक श्री आशु**

# बाल कहानी- हैप्पी होली



सुबह की लालिमा किरणों की फूट पड़ी थी सूरज दादा अपनी ड्यूटी देने रोज की तरह आ गये थे ।फागुन के रंगबिरंगे फूल टेसू के सुगन्धित खिले थे।माधव वन के सारे पशु पक्षी अपने अपने घरों में कोई जाग गया था तो कोई सोते सोते आंखें उठने के? लिए? मल रहा था। शोर शराबा माइक की आवाज सुन सभी अपने अपने घरों से बाहर निकल आए थे।बाहर सड़क पर डमडम हाथी उस पर उसका नन्हा दोस्त मीकू बंदर बैठा था।

मीकू बंदर हाथ में माइक पकड़े जोर जोर से आवाज लगा रहा था -सुनो! सुनो ,माधव वन के मेरे भाइयों बहनों! सुनों ।वन के राजा शेर सिंह कुछ ही मिनट में आने वाले हैं।उनका फरमान है सभी यहां जल्दी से इकट्ठे हो जाएं। राजा आज सभी को रंगबिरंगे उपहार बांटने वाले हैं ।जीतू सियार ,झमझम गिलहरी,रानू लोमड़ी, भीकू गेंडा, गोलू लक्कड़बग्घा, भोलू कंगारु , मुस्कान चिड़िया,शालू बदक,भीमा चीता, सुरीली रूबी कोयल,अप्पू खरगोश , चुलबुल बिल्ली,डग डग कछुआ ,कूक्कू मैना,चतुर कौव्वा , निशा बुलबुल ,भूमि सारस,सुंदर हंस , ननकू कबूतर, तीतर, हरिहर तोता,सभी अपने? बाल बच्चों के संग अनाउसमेंट सुन बाहर आ गये।

देखकर सभी आश्चर्य चकित हो गये सुबह सुबह डमडम हाथी के ऊपर मीकू चूहा बैठा? था। जो जोर जोर से अनाउसमेंट कर रहा था। आज राजा शेर सिंह क्यों आने? वाले है।क्या वे हमसे रहने का टैक्स लेने आने वाले हैं ।या फिर कोई सजा सुनाने वाले हैं। पहले तो कभी इतनी सुबह कोई नहीं कभी आया।सब डरे डरे सहमे सहमे थे ।माधव वन के राजा शेर सिंह न जाने कौन सा फरमान जारी करने वाले हैं।इस साल तो ओले गिरने से सारी फसल चौपट भी हो गई है।कैसे टैक्स भरेंगे।कई सवाल मन में खड़े हो गये थे। इतने में सोनू जिराफ राजा शेर सिंह की शाही बग्धी लेकर आ गया ।राजा शेर सिंह के आते ही सब ने सम्मान में एक स्वर में राजा शेर सिंह जिंदाबाद ! जिंदाबाद के नारे लगाए।

राजा शेर सिंह ने हाथ जोड़ विनम्रता पूर्वक सबका अभिवादन किया। राजा शेर सिंह के आते ही मीकू बंदर ने आदेश दिया -महाराज का आदेश है सभी गोल घेरा बनाकर खड़े हो जाएं । भला राजा के आदेश का पालन कौन नहीं करता।फिर मीकू बंदर ने आदेश दिया महाराज का दूसरा आदेश है सब अपनी अपनी आंखें बंद कर ले। अपने राजा का आदेश सर आंखों पर ।सभी ने आदेश का पालन करते हुए आंखें अपनी बंद कर ली। राजा शेर सिंह के माइक पर फायर फायर बोलते ही डमडम हाथी ने बग्धी में रखे ड्रम में अपनी लम्बी पिचकारी सूंड से गुलाबी रंग पानी भर कर सभी जंगलवासियो पर उंडेल डाला ।मीकू बंदर बोल पड़ा -होली है भई होली है बुरा न मानो होली है गुलाबी रंग में नहाते ही सभी खुशियों से भर उठे ।उन्हें कल्पना नहीं थी राजा शेर सिंह इस तरह भी होली खेलने का रोचक प्लान बना सकते हैं। राजा शेर सिंह ने बग्धी में रखी रंगबिरंगी क?ई तरह की पिचकारियां अपने हाथों सभी को उपहार में बांटी।सब मस्ती के मूड में आ गये थे। सभी ने गुलाबी रंग का पानी से भरा ड्रम नीचे उतार कर रख दिया ।अपनी पिचकारी में रंग भर भर राजा शेर सिंह और इक दूसरे पर डाल कर रंग से सराबोर कर दिया।फिर मीकू बंदर ने घोषणा की माइक पर, सुरीली रूबी कोयल होली के गीत सुरीले गायेगी।सुरीली रूबी कोयल ने मंत्रमुग्ध होकर सुरीली तान छेड़ दी-रंग बरसे बरसे, तन मन भीगे भीगे ,माधववन में होली के रंग प्यार के बरसे।

अम्बर धरती गुलाबी रंगों से झूमे झूमे। माधववन का सारा परिवेश रंगबिरंगा हो उठा था ।भीकू गेंडा दौड़कर घर से ढोल ले आया । गले में ढ़ोल डालकर ,ढ़मक ढ़मक बजाने? लगा।सुरीली कोयल की मीठी आवाज और भीकू गेंडा के ढोल ने संगीत से समा बांध दिया।सभी होली के रंग में डांस में मशगूल हो गये। होली की हुड़दंग करते करते थक गये तो सब नीचे बैठ गये।

अचानक राजा शेर सिंह ने उठकर माइक पर घोषणा कर डाली ÷मेरे माधववन के प्यारे भाईयो !बहिनों !आज की सुंदर होली से मैं बहुत ही खुश हूं !इसी तरह हम सभी में भाईचारा बना रहे ।होली का त्यौहार भी हमें यही संदेश देता है हम हमेशा मिलजुल रहे। संगठन में ही शक्ति होती है और सबकी जय होती है।मेरी और से आज शाम, सभी को रबड़ी के मीठे मालपुएं की दावत मेरे दरबार में रखी गई है ।आप सपरिवार पधारे मेरा फरमान नहीं मेरी विनती है।

राजा शेर सिंह के मुंह से दावत का नाम सुनकर सबके मुंह में पानी आ गया।

सभी ने जोशीले नारे लगाए
हमारा राजा कैसा हो ?
रंगबिरगा शेर सिंह जैसा हो।
होली का रंग कैसा हो?
मनभावन पावन? पावन हो।

**- लाल बहादुर श्रीवास्तव**



**डर अच्छा लगता है**

# अपराध और अपराधियों के खिलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस नीति ज़रूरी

**बुलडोज़र, इनकाउंटर, त्वरित एक्शन के डर ने आपराधिक मानसिकता की कमर तोड़ी ›› कानून बनाने का मकसद,अपराध के अंजाम का प्रक्रियागत दस्तावेज है, जो अपराधों को रोकने में सहायक – एडवोकेट किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर हर देश में बने हज़ारों कानूनों का विशेष मकसद उस विशेष अपराध के अंजामका प्रक्रियागत दस्तावेज है,जो अपराधों को रोकने में सहायक होता है।उसी प्रकार अनेक अंतरराष्ट्रीय कानून, ट्रिटीयां भी बनी है जो अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में सहायक होती है। परंतु मेरा मानना है कि यह प्रक्रियागत दस्तावेज अपनी जगह बिल्कुल ठीक है, परंतु कुछ ऐसा प्रैक्टिकल कानूनी अस्त्र भी होना ज़रूरी है जिसका डर अपराधी,आपराधिक मानसिकता वाले व्यक्तियों को बहुत गहराई से हो क्योंकि इन कानून रूपी प्रक्रिया के दस्तावेजों के माध्यम से कार्रवाई केलीकेजेस का फायदा उठाकर, न्याय के लिए निचली अदालत से उपरी अदालत तक में लड़ाई लड़ी जाती है जिसमें वर्षों लग जाते हैं, तबतक अपराधी अपना पूरा मकसद सहित उम्र बिता देते हैं, जिसमें जनता हलकान होती है।इसलिए भारत ने पिछले एक दो वर्षों से जो बुलडोजर, इनकाउंटर त्वरितएक्शन जैसे कुछ अस्त्रों का कानूनी प्रयोग किया जा रहा है,वह ठीक निशाने पर लग गए हैं।जिसका परिणाम यह हुआ हैकि आपराधिक मानसिकता में खौफ का मंजर नज़र आने लगा है। अब अपराधियों पर इन अस्त्रों का प्रैक्टिकल रूप देख नए अपराधियों आपराधिक मानसिकता धारित व्यक्तियों की कमर टूटते जा रही है। वह डर के मारे पुलिस प्रशासन को खुद को जेल में रखने की विनती कर रहे हैं, याफिर एक जेल से दूसरे जेल में ट्रांसफर नहीं करने की मिन्नतें और न्यायालय में अर्जी दाखिल कर रहे हैं,ताकि उनकाएनकाउंटर ना हो जाए। याने अब जनता कह रही है डर अच्छा लगता है!!

साथियों बात अगर हम एक राज्य में पार्किंग विवाद में पुलिस कर्मी की हत्या पर सदन में सीएम के हम माफिया को मिट्टी मिला में मिला देंगे के बयान के दिनांक 1 मार्च 2023 को असर की करें तो, एक हत्याकांड में पूर्व सांसद के करीबियों पर एक्शन शुरू हो गया है। उनके करीबी बिल्डर के घर पर बुलडोजर चल गया है। पूर्व संसद के घर के बगल में रहने वाले बिल्डर की अवैध संपत्ति पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चल गया है। इस दौरान बिल्डर के घर से दो विदेशी बंदूक और एक तलवार बरामद हुई है। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों बंदूक लाइसेंसी है या नहीं। इस दो मंजिला इमारत में ही हत्याकांड के बाद शूटर, की पत्नी से मिलने आए थे और मिलने के बाद फरार हो गए थे। गौरतलब है कि हत्याकांड के बाद सीएम ने सदन में कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उनके इस बयान का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। शूटर के पनाहगारों पर एक्शन तंग गली में बुलडोजर पहुंच गया है और बिल्डर के घर से कीमती सामान को बाहर निकालकर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई है। मीडिया के अनुसार उन्होंने हत्याकांड के शूटर को थोड़ी देर के लिए पनाह दी थी। इस वजह से वह पुलिस के निशाने पर आया और आज उनके अवैध निर्माण को जमींदोज किया गया है। मददगारों की कुंडली खंगाल रही है पुलिस वहीं पवारदात के बाद शूटरों के इसी अपार्टमेंट में रुकने की बात सामने आई थी। पुलिस ने इस दौरान पार्किंग में खड़ी पूर्व सांसद की लैंड क्रूजर और मर्सिडीज गाड़ियां कब्जे में ले लिया है। हत्या का मुख्य आरोपी एसटीएफ तलाश रही है। पुलिस उसके परिचितों और मददगारों की कुंडली खंगाल रही है। बता दें कि? हत?याकांड के बाद यूपी सरकार एक?शन मोड में है। ध्वस्तीकरण के लिए माफिया के टाप 10 करीबियों की सूची तैयार हो गई है। इन सभी के मकानों पर एक ध्वस्तीकरण के लिए जल्द ही नोटिस चस्पा करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन, पीडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम कुछ देर में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में अपराधियों के खिलाफ पिछले दिनों से कार्यवाही की करें तो, अपराधियों द्वारा कब्जाई गई जमीनों को मुक्त कराया जा रहा है। कई लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं। पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुनादी कर दी है, जिसके बाद वह सरेंडर करने लगे हैं।पिछले कुछ दिनों में कई अपराधियों के तख्ती लटकाकर थाने में सरेंडर करने पहुंचने के मामले भी सामने आए हैं। बुलडोजर ले जाकर कई जगह अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। हाल के ही दिनों में कई फरार खूंखार अपराधी पुलिस के सामने सरेंडर करने पहुं चे थे। पुलिस ने बताया कि कई फरार अपराधियों की ऐसी तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं, जिनमें वह गले में तख्तियां लटकाए पुलिस थानों में आत्मसमर्पण करते दिख रहे थे, उनके गले में जो तख्तियां दिख रही हैं उनमें लिखा जा रहा था मैं आत्मसमर्पण कर रहा हूं, प्लीज मुझे गोली मत मारो। उस समय सीएम के निर्देश पर 7 हजार से अधिक अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। हथियारों का गलत इस्तेमाल करने पर एक हजार से ऊपर लोगों के लाइसेंस भी सस्पेंड किए गए थे।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में ज़ीरो टॉलरेंस अपराधिक नीति और 2023-24 के बजट की करेंतो,सीएम प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का असर इस बार के बजट में भी देखने को मिला है। सरकार का दावा है कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने से देश ही नहीं विदेशी निवेशक उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। सरकार ने इस बार वर्ष 2023-24 के बजट में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने और उसके प्रभावी नियंत्रण के लिए 2260 करोड़ रुपये की भारीभरकम धनराशि दी है।इससे जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी आवास की सुविधा मिलेगी, वहीं विभिन्न जिलों के कमिश्नरेट कार्यालय अपनी भूमि पर संचालित होंगे।

साथियों बात अगर हम एक बाहुबली द्वारा उपरी कोर्ट में दाखिल याचिका की करें तो, बाहुबली नेता ने सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दाखिल कर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उसने अपनी याचिका में अपील की है कि उसे यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं किया जाए। उसने यूपी के मंत्रियों के बयानों को संदर्भित कर यह याचिका दाखिल की है। यहां बता दें कि पूर्व सांसद यूपी की जेल में नहीं, बल्कि गुजरात की जेल में है। अपनी अर्जी में यह भी कहा है कि अगर उसे यूपी की जेल में शिफ्ट किया जाता है, तो उसे केंद्रीय पुलिस की निगरानी में शिफ्ट किया जाए। जाहिर है कि वहां के उप मुख्यमंत्री और एक मंत्री ने यह बयान दिया था कि कभी भी किसी की गाड़ी पलट सकती है। याने उसका फर्जी एनकाउंटर हो सकता है। खुद सीएम ने बयान दिया है कि आरोपियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। यहां इससे पहले भी इस तरह के वाकया हो चुके हैं, जब पुलिस ने सूचना दी थी कि गाड़ी पलटने के बाद अपराधी ने भागने की कोशिश की और वह एनकाउंटर में मारा गया। पूर्व सांसद को इसी का भय है। उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें अहमदाबाद जेल से यूपी की जेल में प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि यूपी सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान से ऐसा लगता है कि उनका फर्जी एनकाउंटर किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम 1 मार्च 2023 को जी-20 बैठक में आर्थिक भगोड़ों के प्रत्यर्पण संबंधी चर्चा की करें तो, भारत ने जी-20 संगठन के सदस्य देशों का आह्वान किया है कि वे आर्थिक भ्रष्टाचार में शामिल भगोडों का तेजी से प्रत्यर्पण करें और उनकी सम्पत्तियां जहां भी हो उसे जब्त किया जाये। गुरूग्राम में आज जी-20 देशों के भ्रष्टाचार विरोधी कार्यसमूह की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्मिक, लोक शिकायत राज्य मंत्री ने कहा कि आर्थिक मामलों के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने की स्थिति में देश को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जुझना पड़ता है। इस प्रकार की घटनाओं का संसाधनों के उचित इस्तेमाल, नागरिकों की जीवनशैली, आर्थिक विकास तथा शासन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसमें सबसे अधिक नुकसान गरीबों और समाज के पिछड़े वर्गों को होता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, डर अच्छा लगता है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जरूरी है।बुलडोजर इनकाउंटर, त्वरितएक्शन के डर ने आपराधिक मानसिकता की कमर तोड़ी है। कानून बनाने का मकसद अपराध के अंजाम का प्रक्रियागत दस्तावेज है जो अपराधों को रोकने में सहायक है।

**-एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी**
**गोंदिया महाराष्ट्र**

# राजकुमारी का अपना कॉस्ट्यूयम पहनते ही मुझे ऐसा लगा कि मैं 17वीं शताब्दीक में पहुंच गई हूं''-सोनी सब की 'ध्रुव तारा' की रिया शर्मा


डिजाइनर्स के लिये एक रोमांचक कार्य रहा है। राजकुमारी तारा के लिये 17वीं शताब्दी के आउटफिट्स

**जीएनएस।** सोनी सब का बेहद प्रतीक्षित शो 'ध्रुव तारा-समय सदी से परे' एक अनूठा रोमांस ड्रामा है, जिसमें दो ऐसे लोगों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच 400 वर्षों का फासला है और जिन्हें तकदीर एक-दूसरे के रास्ते् में लेकर आई है। इस शो में दो अलग-अलग दुनिया के लोगों और उनके नजरिये को दिखाया गया है। यह 21वीं सदी के एक न्यूठरोसर्जन ध्रुव (ईशान धवन) और 17वीं शताब्दीं की राजकुमारी तारा (रिया शर्मा) की कहानी है। सोनी सब का 'ध्रुव तारा' समय की सीमाओं से परे एक सच्ची प्रेम कहानी है, जिसमें टेलीविजन पर रोमांस के एक नये जोनर को एक्स?प्लोीर किया गया है।

यह शो दर्शकों को 17वीं शताब्दीप के शाही जीवन की झलक दिखाता है और इस युग को प्रस्तुनत करने में कॉस्ट्यूरम्स ने एक अभिन्नश भूमिका निभाई है। इसमें एक ऐसा पहलू भी है, जो दर्शकों की इस जिज्ञासा को बढ़ा रहा है और वह यह कि दो बिल्कु?ल अलग-अलग युगों में एक राजकुमारी का पहनावा कैसा होगा? कॉस्ट्यू म्सर के माध्यरम से 17वीं और 21वीं शताब्दीू के बीच के कॉन्सेट्रास्टह को संतुलित करना, निश्चित रूप से तारा एवं तैयार करते समय, उसके लहंगों में काफी बारीकियों को शामिल किया गया है, जिनमें टसल्सश, एम्ब्रातयडरी, कलर्स की मिक्सिंग एवं मैचिंग और ज्वेनलरी शामिल हैं। रिचनेस को बढ़ाने के लिये गुलाबी, नारंगी और टरक्वॉ इज़ के हिंट्स का इस्तेरमाल किया गया और राजकुमारी की शाही विरासत को दिखाने की कोशिश की गई है। रीगल प्रिंसेस आउटफिट के विपरीत, 21वीं शताब्दीं में रिया को सलवार कमीज में एक साधारण लड़की के रूप में दिखाया गया है। यह नये जमाने के अनुकूल बनने और एक सामान्यय लड़की के रूप में खुद को ढालने की तारा की इच्छा शक्ति को भी दर्शाता है। इन कॉस्ट्यू मस द्वारा दोनों युगों के बीच के अंतर को बहुत अच्छीी तरह से दिखाया गया है, जिससे तारा को अपने दोनों किरदारों में अच्छेए से ढलने में मदद मिल रही है।

रिया शर्मा ने अपने कॉस्ट्यूतम्सा के बारे में बताते हुये कहा, मुझे लगता है कि किरदारों को जीवंत बनाने में कॉस्ट्यू म्सक की एक बहुत महत्वैपूर्ण भूमिका होती है। खासतौर से तारा के मामले में, उसके कपड़े इस बात की झलक दिखाते हैं कि नये जमाने के स्टाीइल को अपनाते हुये वह कैसा महसूस करती है। 17वीं सदी के कॉस्ट्यूदम्सं की मेरे दिल में एक खास जगह है और मुझे राजकुमारी के कपड़े बहुत अच्छे लगे। यह एकदम शाही एवं खूबसूरत है और भारतीय संस्कृ ति की सम्पान्न ता को बहुत अच्छीह तरह दिखाता है। मैं जब भी यह कॉस्ट्यूसम पहनती हूं, मुझे ऐसा लगता है कि मैं सचमुच की राजकुमारी हूं। मुझे याद है कि जब मैंने पहली बार राजकुमारी के लुक के लिये मेकअप किया था, तो खुद को तारा के रूप देखकर हैरान रह गई थी। यह मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। इतनी भारी-भरकम ज्वोलरी पहने जाने के बावजूद, मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं बार-बार इस तरह से श्रृंगार करूं। जब मैंने कॉस्ट्यूंम पहने, तो मुझे ऐसा लगा कि मैं पुराने जमाने में पहुंच गई हूं और इससे वाकई में मुझे अपने किरदार में ढलने में मदद मिली। तारा का कॉस्ट्येूम बहुत कमाल का है और मैं इस शो एवं तारा के खूबसूरत आउटफिट्स पर दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिये वाकई में उत्सुमक हूं।

**'ध्रुव तारा –समय सदी से परे' में देखना न भूलें एक अनदेखी प्रेम कहानी, 27 फरवरी से, सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे सिर्फ सोनी सब पर ।**

## होली

आई है रंगों से भरी होली का त्योहार ,
जहा देखो वहा खुशियों से भरी है द्वार ,
गुलाल से सजी थाल और ,पिचकारी का बौछार ,
आई है रंगों से भरी होली का त्योहार ।।।।

इस होली में छोड़ो रिश्तों में दरार
और करो प्यार भरी पिचकारी का वार।।।।।
मनाओ खुशियों से ये त्योहार ,,,,,,
आई है रंगों से भरी होली का त्योहार ।।।।।

आती है इस दिन प्रहलाद की याद
उनके मिलते है कथा हजार ।।
विष्णु के परम भक्त याद आते है बारंबार ।
आई है रंगों से भरी होली का त्योहार ।।।।

जहा देखो चारो ओर रंगों का ही वार।
रंगों से भरी गुब्बारे और और खुशियों का मिठास ।।
अदभुत लगती है ये होली का सार
आई है रंगों से भरी होली का त्योहार ।।।।

बच्चों की मस्ती और नादानी का है ये आस।
बड़े भी बच्चे बन जाते है आई है ऐसा त्योहार।।।
जहा देखो वहा खुशियों का ही वार ।।
आई है रंगों से भरी होली का त्योहार।।।।


-शुभम सिन्हा

## यादों का सफर बडा सुहाना है

जीवन में यादों के संग जीते है
हर गम को हम स्वयं ही पीते है
चाहत का ये नया अफसाना है
यादों का सफर बडा सुहाना है

आते जाते दिल के हर तार में
बासंती मौसम की खुमार में
मोहब्बत का हंसीन फसाना है
यादों का सफर बडा सुहाना है

पतझड़ और बासंती बहार में
जीवन के नवीनतम मनुहार में
साथी संग वही प्यार पुराना है
यादों का सफर बडा सुहाना है

जनम मरण से जुडा ये रीत है
दो लोगो की अनबुझी प्रीत है
छलकती आँखों से पैमाना है
यादों का सफर बडा सुहाना है

सफर में रहे सदा हमसफ़र भी
जीवन बीते अब तो हँसकर ही
जनम-जनम का ये याराना है
यादों का सफर बडा सुहाना है


-प्रमेशदीप मानिकपुरी

## रंगों की महफ़िल

यह उमंग की बरसात है,
सबमें दिखता है सुन्दर आभास।
दिलों में प्यार उमड़ घुमड़ कर ,
हरित मन का देती है अहसास।
खुशियां दिल से अंगराई लेती ,
प्रेम स्नेह की करते हुए बात।
बजने लगती है मन में शहनाई,
उत्साहित मन को मिल जाता है सौगात।
खुशी खुशी यहां होली खेलते,
सब रंगों से तर-बतर हो जातें हैं।
रसायन का रंग घातक बनकर,
सबकी खुशियां कम कर जाते हैं।
प्राकृतिक रंगों की यहां,
अब घट रहीं परम्परा ,
रसायन का रहता है खूब बोलबाला यहां।
बुद्धिमत्ता से हम संग मिलकर,
होली में खत्म कर सकते हैं,
रसायन की कुत्सित समां यहां।
रंगों की महफ़िल जमे खूब,
फूलों का हो खूब व्यवहार।
मनोरंजन संग खूब दिखेंगी,
होली का यह अनुपम त्योहार।


-डॉ.अशोक, पटना, बिहार।

होली है

## होली है, भाई होली है।

बंदर काका भांग पिए हैं
करता श्वान ठिठोली है।
खुशी में डूबा जंगल है
आया पर्व सुमंगल है
कोकिल, मैना गाएँ गीत
कौवे ने छेड़ा संगीत

बिल्ली - चूहा रंग खेलते
मस्त गधों की टोली है।
शेर के लगा अबीर - गुलाल
हाथी पानी रहा उछाल
बुलबुल - गौरैया हैं संग
तितली को करती हैं तंग

ठुमक - ठुमक कर नाचा मोर
हवा फागुनी डोली है।
मधुमक्खी ले आई शहद
साथी सभी हुए गदगद
तोते ने भी किया न देर
लगा दिया था फलों का ढेर

सबने खाया - पिया प्रेम से
भरी हर्ष से झोली है।
होली है, भाई होली है।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

## बसंती रंग में रंगी है धरती

रंगी बसंती रंग में आज, धरा ले अंगड़ाई
रंगों की मस्ती में झूमे, बाग और अमराई।
कोयल की है कूक निराली, मोर मस्ती में झूमे
टेसू की लाली ने देखो, आज रंग बसंती घोले।

चहु ओर फैला बसंत है, प्रकृति में रौनक आई
तरु से लता का चुम्बन,ले प्यार भरी अंगडाई।
क्या बच्चा क्या बूढा, आज रंग सबको है भाए
प्रीत रंग में सजी धरा है, मन सबका भरमाए।

गली-गली में मस्ती की टोली, निकली रंग लगाने
कान्हां के संग बाल सखा है, लगे रंग बरसाने।
प्रेम रंग में रंगे सभी है, आसमान में छाया गुलाल
बसंती रंग में रंग जाएँ ऐसे, भूले सभी मलाल ।

सखी संग राधा की टोली, निकली आज गलिन में,
श्याम रंग में भीगी ऐसे, सखी सहेलियों के संग में।
आया बसंत झूम के ऐसे, सबने चोला बसंती पहने
धरती सजी है बसंती रंग में, बसंती गहने है पहने।

-श्याम कुमार कोलारे

## होली

रिश्तों के कुरुक्षेत्र में, जो अपने आप से लड़ जाए
जिसके बिना सृष्टि की रचना, खुद ईश्वर भी ना कर पाए
अपना वजूद तलाशती, सबके पीछे भागती
भीतर उसके खोलता इतिहास, भूगोल की तरह नाचती
चाह कर भी जो जीवन से भाग ना पाए
उन्मुक्त जमीन खुद की, खुला आसमान कहां से लाएं
अपने सपनों को त्याग, सपने तुम्हारे सजाने वाली
अपना आंगन छोड़, घर तुम्हारा महकाने वाली
बेज़ान सी चीज समझ कर, सजावट का सामान बनी
अंतर्मन में ज्वालामुखी सी जल रही मन की ज़मीं
हर स्त्री की बेचैनी, तलाशती सुकून के कुछ पल
हाथ थाम कर बैठो कभी, शायद मिल जाए उसे बल।

-रत्ना मजूमदार बालाघाट

भावनानी के भाव

## भारतीय संस्कार

भारतीय संस्कार
हमारे अनमोल मोती है
प्रतितिदिन मातापिता के पावन
चरणस्पर्श से शुरुआत होती है

अनेकता में एकता
हमारी शैली है
प्राकृतिक संपदा से
भरपूर हरियाली है

उसके बाद वंदन कर
गुरु को नमन करते हैं
बड़ों की सेवा में हम भारतीय
हमेशा स्वतः संज्ञान सेआगे रहते हैं

श्रावण कुमार गुरु गोविंद सिंह
महाराणा प्रताप वीर शिवाजी
अनेकों योद्धाओं बलवीरों
महावीरों की मां भारती है

हम भारतवासी संयुक्त परिवार की
प्रथा श्रद्धा से कायम रखे हैं
अतिथियों को देव तुल्य मानकर
भरपूर भाव से सेवा करते हैं

सबको प्यार का मीठा प्यारा माता पिता
राष्ट की सेवा कापाठ पढ़ाते हैं
हम अपनी संस्कृति से
प्राणों से अधिक प्यार करते हैं


- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## तीसरे पक्ष का दर्द

विवाह से पहले
स्वच्छंद रहने, उड़ने वाला बेटा,
विवाह पश्चात हो जाता है,
मां के लिए जोरू का गुलाम,
बीबी के लिए करता है सारा काम,
तो पत्नी की नजर में
मां का प्यारा,
दुनिया का सबसे नाकारा,
बेटा और पति बना व्यक्ति
हो जाता है असमंजस में,
पड़ा रहता है कश्मकश में,
न इधर चैन न उधर सुख,
जो महसूस करता है कि
उसी के मत्थे दुनिया भर का दुख,
वो सम्पूर्ण परिवार चाहता है,
पर दो महिलाओं का अहम
एक दूसरे को नकारता है,
तब मध्य में खड़ा पुरूष
महसूस करता है अपनी स्थिति खराब,
हताशा में तब वह मौत चुनता है
या गम में डूबने के लिए शराब,
ये दोनों ही स्थिति भयानक है,
पर घर घर की कथानक है।


- राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.

# सीग्राम केरॉयल स्टैग नेनए भारत के लिए एक नई म्यूजिक प्रोपर्टी - रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की शुरूआत की- जनरेशन लार्ज का ओरिजनल साउंड




**जीएनएस।** अपने स्कोप और साउंड,दोनों में एक अलग रिदम बनाते हुए, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का मकसद एक अनूठा अनुभव ऑफर करना है, जिसमें बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली धुनों का संगम हिप-हॉप की बीट्स से होता। इस शानदार अनुभव में बादशाह, अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, धीमा चीता, निखिता गांधी, बाली, ईपीआर, नीति मोहन, जसलीन रॉयल, डीजे सुकेतु और डिनो जेम्स जैसे दिग्गज संगीतकारों का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोलेगा ।

मुंबई ᅮ %लिविंग इट लार्ज% की स्प्रिटको सेलीब्रेट करते हुए, सीग्राम का रॉयल स्टैग रॉयल लाया है अपने किस्म का पहला संगीतमय अनुभव, जिसका नाम है रॉयल स्टैग बूमबॉक्स । यह युवा पीढ़ीकी आवाज है, एक ऐसा वर्ग जो पुराने ट्रेंड्स पर चलने के बजाय,खुद के ट्रेंड्स बनाने में विश्वास रखता है; ऐसा वर्ग,जो आत्मा को तृप्त करने वाले नए अनुभवों की निरंतर खोज में रहत है। सोमवार, 27 फरवरी, 2023 को मुंबई में एक एक्सक्लूसिव प्रिव्यू में ब्रांड ने स्टोर में उपलब्ध चीजों की एक झलक दिखाई गई। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स म्यूजिक इंडस्ट्री के दो अलग-अलग शैलियों को एक साथ लाया है, जिसमें बॉलीवुड की मेलोडी और हिप-हॉप की गली वाइब को साथ लाया गया है, जो ओरिजनल म्यूजिक और नया साउंडस्केप बनाते हैं।

विगत कई वर्षो से, ब्रांड के लिए संगीत एक महत्वपूर्ण कंज्यूमर इंगेजमेंट पिलर रहा है। आजके युवा संगीत के नित नए रूपों को तलाश रहे हैं। हिप-हॉप जैसी समकालीन शैली देश के युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है, जबकि बॉलीवुड की धुनें उनके सांस्कृतिक परिवेश का अभिन्न अंग बनी हुई हैं। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स इस पीढ़ी की कल्पना कोसाकार करना चाहता है, जो संगीत उन्हें विरासत में मिला है, उस शैली के साथ जो उनसे बात करती है, वोहिप हॉप है। इस मिश्रण में हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का स्वैग और इमोशनल हेफ्ट के साथ हिप-हॉप की थ्रोबिंग वाइब और ताक़त होगी।

यह सांस्कृतिक मूवमेंट स्वयं को दो अनूठे, आकर्षक फॉर्मेट में व्यक्त करता हैᅳ

इन-स्टूडियो फार्मेट; चार ओरिजिनल मेलोडी × हिप हॉप म्यूजिक ट्रैक की विशेषता वाला एक अनूठा फिजिटल म्यूजिक कॉन्सेप्ट,जिसेसभी प्लेटफार्मों पर सिगल्सऔर वीडियो के रूप रिलीज किया जाएगा।

ऑन-ग्राउंड फार्मेट; यह फॉर्मेट भारत के पांच सबसे बड़े युवा केंद्रों - पुणे, इंदौर, भुवनेश्वर, मणिपाल और जालंधर में ट्रेवल करेगा,प्रत्येक शहर में भोजन, संस्कृति और मर्चेंडाइज के साथ-साथ सुर्खियां बटोरने वाला कॉकटेल प्रस्तुत किया जाएगा। यकीनन, एक सच्चा-ब्लू यूथ कार्निवल फील।जिसे मिसबिल्कुल मत करना।

रॉयल स्टैग बूमबॉक्सकेअनावरण पर कार्तिक मोहिन्द्रा, सीएमओ, पनोर्डरिकार्ड इंडिया ने कहाᅮ ÷संगीत और अनुभव लोगों को एक साथ लाते हैं, जो कोई और नहीं कर सकता और ये मस्तीके प्राकृतिक इनेब्लरहैं। रॉयल स्टैग ने हमेशा इस देश के युवाओं के जुनून कोपूरा करने का प्रयास किया है और रॉयल स्टैग बूमबॉक्स कल के भारत से जुड़ने के लिए ब्रांड के लिए एकदम सही मंच है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ÷लिविंग इट लार्ज÷ के रॉयल स्टैग केदर्शन का विस्तार है औरएक साथ आने और नए अनुभवों का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है । इसने दो रोमांचक शैलियों, हिप-हॉप और मेलोडी को मिलाकर एक नया साउंडस्केप बनाया है; यह युवा भारत की नई रिदमबन सकता है!

अजय गुप्ते, सीईओ- साउथएशिया, वेवमेकर ने बूमबॉक्स के लॉन्च परकहा, ÷रॉयल स्टैग ने हमेशा खुद को एक युवा ब्रांड के रूप में स्थापित किया है और रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-युवा कंज्यूमरके लिए डिज़ाइन किया गया एक अनूठा और आकर्षक संगीत अनुभव, के साथ हम इसे एक कदम औरआगे ले जा रहे हैं। यह संगीत और मनोरंजन के क्षेत्र में वेवमेकर और पर्नोड रिकार्डके बीच एक इनोवेटिवकलैबरेटहै । हमें विश्वास है कि रॉयल स्टैग बूमबॉक्स देश के संगीत प्रेमियों को आकर्षित करेगा और इसे बड़ी सफलता मिलेगी।

वायाकॉम18 केनेटवर्क सेल्स के हेड महेश शेट्टीने इस साझेदारी पर कहा, कंज्यूमर्स की वेवलैंथ से कनेक्ट रहना और उनकोसमझव पसंद आने वाला कंटेंट बनाना ही वायाकॉम18 के डीएनए का मूल मंत्र रहा है। हम भारत के साउंडस्केप में इस नए अनुभव की रचना करने के लिए पर्नोड रिकार्ड के साथ अपने कलैबरेट को लेकर बहुत उत्साहित व खुश हैं। म्यूजिक का हर अंश एक रत्न है और हमें विश्वास है कि आने वाले दिनों में भारतीय युवा इन धुनों को जरूरगुनगुनाएंगे।

## आओ मिलजुल खेलें होली

युगों युगों से बिछुड़न की पीड़ा कैसे बतलाऊँ
विरह मिलन की तपन लगी कैसे समझाऊँ
गगन मंडल के तारों की ठंडक का आभास कराऊँ
आओ दिल के दाग मिटाने मिलजुल खेलें होली
प्रियतम संग हंसि प्रेयसि बोली

आओ प्रियतम बनकर कान्हा मैं तेरी राधा बन जाऊँ
भर पिचकारी सन्मुख मारूं रंग गुलालसे तुझे सजाऊँ
घर आंगन में रंग वरसा कर बरसाने का मजा चखाऊँ
नयन नीर से भर अंजुलि को इत्र बनाकर खेलें होली
प्रियतम संग हंसि प्रेयसि बोली

मैं काला अरु राधा गोरी मैया मोइ चिढ़ावत छोरी
ग्वालबाल मिल ताने मारें तूं काला राधा चंद चकोरी
सखीं सखा खिसियाने बैठे मुझे लगावत माखन चोरी
बिह्वल कन्हैया की देखि दशा मैया भी मुस्काय के बोली
प्रियतम संग हंसि प्रेयसि बोली

अपनो जैसो रंग बनाइ के राधा रानी को रंगडालो
बरसाना त्यौहार मनाओ गोपिनके संग रास रचालो
बृजवासिन को करो इकट्ठो होली का त्यौहार मनालो
आओ मिलजुल खेलें एसे कृष्ण राधिका खेली होली
प्रियतम संग हंसि प्रेयसि बोली।।


-बच्चूलाल दीक्षित

# ताहा शाह बादुशा ने ताज-डिवाइडेड बाय ब्लड के लिए लगभग 30 किलो का कवच धारण किया और हार्डकोर एक्शन स्टंट किए

**जीएनएस। ताहा शाह बादुशा ने आगामी शो ताज-** डिवाइडेड बाय ब्लड में अकबर द ग्रेट के दूसरे बेटे मुराद के रूप में खतरनाक और शक्तिशाली योद्धा के रूप में अपनी भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कठोर प्रशिक्षण और चरित्र के लिए तैयारी से लेकर भारी वेशभूषा और कट्टर एक्शन स्टंट तक, ताहा शाह बादुशा ने लगभग 30 किलो वजन वाले कवच में अपने एक्शन दृश्यों की शूटिंग करके समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक बनाया।

ताहा शाह बादुशा ने अपने फ़िज़िक के शारीरिक परिवर्तन और घुड़सवारी, तलवारबाजी और कुल्हाड़ी चलाने जैसे कौशल सीखने से लेकर मानसिक और मनोवैज्ञानिक तैयारी के साथ ही उच्चारण पाठ के माध्यम से अपने उच्चारण सुधारने तक, खतरनाक भूमिका निभाने और अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत है।

होनहार अभिनेता ने लगभग 22 किलो के भारी कवच और 2 किलो के दो कुल्हाड़ियों के साथ प्रत्येक 3 किलो वजन के जूते पहने हुए लड़ाई, तलवारबाजी और कुल्हाड़ी से लड़ने वाले एक्शन स्टंट को सहजता से प्रदर्शित करके अपने टैलेंट के साथ-साथ अपने अभूतपूर्व समर्पण से निर्माताओं को प्रभावित किया है।

इस साल की सबसे चर्चित और प्रत्याशित वेब सीरीज़ में से एक, ताज- ब्लड से डिवाइडेड ने अपनी भव्यता, मुगल काल के अनकहे रहस्यों और ट्रेलर के माध्यम से रॉयल्स के यथार्थवादी चित्रण के साथ दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है।

ट्रेलर में प्रभावशाली प्रभाव डालते हुए, मुराद के रूप में ताहा शाह बादुशा के अंधेरे और गूढ़ व्यक्तित्व ने अपने प्रदर्शन के लिए दर्शकों की रुचियों को आकर्षित किया है।

**3 मार्च को रिलीज हो रही ताज** - डिवाइडेड बाय ब्लड में नसीरुद्दीन शाह, धर्मेंद्र, अदिति राव हैदरी, जरीना वहाब, संध्या मृदुल सहित अन्य कलाकार हैं।

# इस सप्ताह अथर्व का अपहरण कर क्या मनोज पार करेगा सारी हदें ?






**जीएनएस।** 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्सेप' सोनी सब का एक विचारों को झकझोर कर रख देने वाला स्लाइस ऑफ लाइफ फैमिली ड्रामा है, जिसमें राजेश वागले और उसके परिवार की कहानी दिखाई गई है। इस शो ने अपने दमदार किरदारों और मजबूत संदेशों, जिनमें अपनेपन का अहसास होता है, के साथ दर्शकों की दिलचस्पीी बनाये रखी है। वागले परिवार के पुराने मकान को अपने नाम पर करवाने के कई असफल प्रयासों के बाद, इस सत्तीह मनोज वागले (विपुल देशपांडे) वागले परिवार के पुराने घर को अपने नाम पर करवाने के लिये एक और बड़ा कदम उठायेगा।

आगामी एपिसोड्स में हम देखेंगे कि मनोज काफी गुस्सेु में है और अथर्व (शीहान कपाही) के स्कू ल जाकर उसे वहां से ले जाता है। ईधर वागले परिवार अथर्व के नहीं मिलने से परेशान है और उसकी चिंता में वे आपस में ही उलझ पड़ेंगे। क्याा अथर्व का सचमुच में अपहरण हो गया है? या वह अपने चाचा के साथ मौज-मस्ती एवं सैर-सपाटे का आनंद उठा रहा है?

### क्या वागले परिवार अथर्व के बदले में अपना पुराना घर मनोज के नाम कर देगा?

शीहान कपाही, जोकि अथर्व का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, मनोज और अथर्व का प्याडर बेहद खास है। हालांकि, वागले परिवार की तरफ मनोज का रुख काफी आक्रामक है, लेकिन अथर्व के साथ वह बेहद प्याखर से पेश आता है और खूब खेलता है। अथर्व जानता है कि उसके पापा के साथ उसके काका के रिश्तेग बहुत मधुर नहीं है, लेकिन उसे लगता है कि वह उसे कभी भी नुकसान नहीं पहुंचायेगा। हालांकि, इस हफ्ते के एपिसोड्स में अथर्व और मनोज के रिश्तेत की परीक्षा होगी और वागले परिवार की जिंदगी में काफी भावनात्मफक उतार-चढ़ाव आयेगा।

**देखिये 'वागले की दुनिया–नई पीढ़ी नये किस्सेक', हर सोमवार से शनिवार, रात 9:00 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।**



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



**मंगुभाई पटेल,** राज्यपाल, मध्यप्रदेश



**शिवराज सिंह चौहान,** मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

धर्म-धम्म

# 7वां अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन-2023

## नये युग के लिए पूर्व का मानववाद

## उद्घाटन

राष्ट्रपति

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**उग्येन दोरजी**
गृह और सांस्कृतिक मंत्री
भूटान

**विदुर विक्रमनायक**
बुद्धशासन, धार्मिक एवं
सांस्कृतिक मामलों के मंत्री, श्रीलंका

**इर तजोकोर्डा ओका अर्थ अरदाना सुकवती**
उप राज्यपाल, बाली, इंडोनेशिया

**उषा ठाकुर**
संस्कृति मंत्री, मध्यप्रदेश सरकार

**3 मार्च, 2023 | अपराह्न 12.15 बजे**

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार केंद्र, भोपाल

## संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश

D11240/22

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )